CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37°C
न्यूनतम : 22°C


नई दिल्ली, रविवार 24 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11



'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार



ऐश्वर्या राय बच्चन फ्रांस के कान्स में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म द बर्थडे पार्टी के प्रीमियर के दौरान।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश किया जारी

**नई दिल्ली।** ईद- उल-अज़हा (बकरीद) की छुट्टी में बदलाव के कारण सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश जारी किया है। सीजेआई के निर्देशानुसार, अब 28 मई को अदालत में छुट्टी रहेगी और 27 मई को नियमित कामकाज होगा। अधिवक्ता और वादकारी ध्यान दें कि 28 मई के सूचीबद्ध मामले अब एक दिन पहले यानी 27 मई को ही सुनवाई के लिए टेक-अप किए जाएंगे।

### नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डा. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया।

### अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें आईं

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है।

### राघव चड्ढा रास की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है।



■ दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

### 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपाइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपाइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की।

# लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

## NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाकिस्तान के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद जट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है।

साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं। हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांग कर खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का है, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को भी आरोपी बनाया है। साजिद, 2005 में बॉर्डर क्रॉस करके दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। इसलिए उसे लंगड़ा कहा जाता है। उस पर भर्ती, फंडिंग, घुसपैठ और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं। 2019 में साजिद जट्ट लंगड़ा ने ही लश्कर के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को खड़ा किया था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का हैंडलर और ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है। एनआईए ने उसे कई हमलों की साजिश से जोड़ा है, जिनमें पहलगाम हमला, डांगरी हमला, पुंछ एयरफोर्स काफिले पर हमला और रियासी बस हमला शामिल हैं। आतंकी लंगड़ा और उसके तीनों गुर्गे 20 अक्टूबर 2024 को श्रीनगर की जेड मोड़ टनल फायरिंग में भी शामिल थे।

■ 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था



### भारत ने हमले के विरोध में पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।एनआईए के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाक आतंकी फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफगानी को सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई, 2025 को ढेर कर दिया था। भारत के टॉप वांटेड में शामिल आतंकी लंगड़ा पर 10 लाख का इनाम है।

# तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे। नई कीमतें 23 मई से लागू हो गई हैं। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी। सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

■ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी



# लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन जवान सुरक्षित बच गए।

उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

■ तीन अधिकारियों को आई मामूली चोटें

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

**नई दिल्ली।** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं।

राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा।



■ यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री रहा

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा: वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। अभिजीत ने लिखा कि सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं। सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।




■ फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा: मैं भी कॉकरोच




CMYK

संक्षिप्त समाचार

## उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना: योगी

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

## मायावती आज करेंगी चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ में पार्टी की बड़ी और विशेष बैठक को संबोधित करेंगी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे बसपा राज्य कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें पार्टी संगठन की जमीनी और आर्थिक मजबूती तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने को लेकर पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों और पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन समीक्षा होगी।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी, अजय राय पर केस

**महोबा, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ता नीरज रावत की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राय शुक्रवार को प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बिना महोबा पहुंचे और मुख्यालय स्थित सिंह वाहिनी नगर (समद नगर) में अपहरण एवं गैंगरेप की शिकार नीट छात्रा तथा उसके परिजनों से मुलाकात की। तहरीर के अनुसार अजय राय के काफिले के कारण नगर की यातायात व्यवस्था



■ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, बिना सूचना निकाला था काफिला

प्रभावित हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने सार्वजिनक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित तौर पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सचिव ब्रजराज सिंह अहिरवार तथा 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2), 352, 196(1), 189(2) और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अजय राय के कथित बयान को लेकर महोबा में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और मोदी समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि, विवाद बढ़ने पर अजय राय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को भाजपा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से तैयार किया गया बताते हुए इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश करार दिया।

# उप्र में बिजली कटौती राजनीतिक मुद्दा बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरमराती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। दरअसल लखनऊ पूर्व से भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र इंदिरा नगर, मुंशीपुलिया, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, निशातगंज, कल्याणपुर, महानगर, विकास नगर और गोमती नगर समेत कई इलाकों में अघोषित



■ भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सियासी घमासान शुरू
■ विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने भी चरमराती बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

बिजली कटौती से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इससे पहले सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह और लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा भी अपने क्षेत्रों में बिजली संकट को लेकर मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री बने ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली तंत्र के कारण आपूर्ति बाधित होने पर चिंता जताई थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उत्तर प्रदेश बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर जिले में लम्बी बिजली कटौती की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि इटवा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है और तत्काल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भीषण गर्मी में कम आपूर्ति और कटौती से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और मेहनतकश लोगों का जीवन कष्टदाई हो गया है। उन्होंने सरकार से तत्काल सुधार और नए बिजलीघरों से आपूर्ति बढ़ाने की अपील की। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिजली की मांग और दाम तो बढ़ रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं बढ़ रही। उन्होंने सरकार की नई उत्पादन क्षमता को लेकर योजना पर सवाल उठाए।

### कई जिलों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया

# उप्र में लगा लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं



■ अधिक इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा
■ बिजली की किल्लत से यूपी के लोग परेशान

पानी और कोल्ड ड्रिक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवाएं रात को भी सता रही है।

मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है। गर्मी और लू के चलते बीमारियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन,बुखार के थे।

### वेस्ट यूपी में 23 व 24 को पड़ेंगी बौछारें

मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए तेल मसाला युक्त भोजन, बासी भोजन,फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खाएं और खीरा, ककड़ी, पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

# डंपर ने एक परिवार के पांच सदस्यों को रौंदा, चार मरे

**बाराबंकी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आंशिक (10) के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा

■ मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है

इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**सेंसेक्स** 75415.35
**निफ्टी** 23719.30

## बिज़नेस-टाइम्स

**सोना** 159490 प्रति 10 ग्राम
**चांदी** 285000 प्रति किलो

# केंद्र सरकार को 286588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025.26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025.26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024.25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024.25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गई।

## भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव धन शोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यह मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से 'जमीन के इस्तेमाल में बदलाव' हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने जीएमएडीए और जमीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलो में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात



रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गई। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज : गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.25 रुपये और गुड़ 5040.47 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17896.53 रुपये, मूंगफली तेल 18984.22 रुपये, सूरजमुखी तेल 17532.65 रुपये, सोया तेल 14988.16 रुपये, पाम ऑयल 13573.90 रुपये और वनस्पति 15007.50 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

# तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये



■ कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

### कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

## सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

# रजिस्ट्रार ऑफिसों को हाईटेक बनाएगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजधानी की संपत्ति पंजीकरण व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही हैं। मुख्यमंत्री चाहती हैं कि राजधानी के सब-रजिस्ट्रार ऑफिसों की कार्य संस्कृति बदले और वहां प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी, भ्रष्टाचार, दलाल संस्कृति या अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

इस महत्वपूर्ण योजना को चरितार्थ करने के लिए मुख्यमंत्री ने हाल ही में संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की थी। बैठक में कुछ कंपनियों ने प्रेजेंटेशन भी पेश किए थे। इसमें जानकारी दी गई थी कि कुछ राज्यों में तकनीक आधारित व्यवस्था, प्रशिक्षित स्टाफ और एकीकृत डिजिटल सेवाओं के जरिए नागरिकों को तेज, पारदर्शी और परेशानी-मुक्त नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ कई बार विचार-विमर्श किया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली सरकार को भी ऐसे ही रजिस्ट्रार कार्यालय विकसित करने चाहिएं, जहां लोगों को अर्थपूर्ण सेवाएं मिलें और सरकार का राजस्व भी बढ़े।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी के सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को सम्मानजनक, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं मिलनी चाहिए। इसी उद्देश्य से सरकार ऐसे मॉडल पर काम कर रही है, जिसमें लंबी कतारों, अव्यवस्था, तकनीकी बाधाओं और अनावश्यक हस्तक्षेप को समाप्त किया जा सके। प्रस्तावित मॉडल के तहत रजिस्ट्रार कार्यालयों में नागरिकों को एयरपोर्ट और पासपोर्ट सेवा केंद्रों जैसी आधुनिक सुविधाएं और प्रोफेशनल सेवा अनुभव उपलब्ध कराने की योजना है।

मुख्यमंत्री के अनसार इन मॉडल केंद्रों में वातानुकूलित प्रतीक्षालय, हेल्प डेस्क, डिजिटल सहायता केंद्र, प्रशिक्षित स्टाफ, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, स्मार्ट टोकन प्रणाली और रियल टाइम एप्लीकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और अधिकतर प्रक्रियाएं तकनीक आधारित एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी हो।मुख्यमंत्री के अनुसार इन ऑधुनिक ऑफिसों का लुक शानदार होगा और वहां आधुनिक हार्डवेयर और नवीनतम अपडेट से सॉफ्टवेयर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहां ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, प्री-चेक सेवाएं, लाइव एप्लीकेशन ट्रैकिंग और स्मार्ट टोकन सिस्टम के माध्यम से लोगों का इंतजार समय कम करने और पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री के अनुसार भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक तकनीक आधारित सुरक्षा और सत्यापन तंत्र पर विशेष फोकस किया गया है। साथ ही एआई आधारित फेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से आवेदकों की पहचान सुनिश्चित करने, बैकग्राउंड सत्यापन तथा ब्लॉकचेन आधारित रिकॉर्ड सुरक्षा लागू करने की व्यवस्था भी की जाएगी।

## नेहरू हिल पार्क में कथित अवैध बकरा बाजार को लेकर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान के निकट नेहरू हिल पार्क में लगाए गए कथित बकरा बाजार को लेकर विवाद पर भारतीय जनता पार्टी नेता अमित गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर नगर निगम द्वारा जारी आवंटन रसीद को रद्द करने और मामले में कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मंडल का आरोप है कि निगम अधिकारियों ने कथित दबाव में आकर नेहरू हिल पार्क को एक फर्जी आरडब्ल्यूए के नाम आवंटित कर दिया, जिसके बाद वहां बकरा बाजार संचालित किया जा रहा है। भाजपा नेता अमित गुप्ता ने दावा किया कि आवंटन रसीद में कहीं भी बकरा बाजार लगाने का उल्लेख नहीं है और यह "अवैध कब्जे को वैध करने" का प्रयास है।

# जीजा ने किया यौन उत्पीड़नगर्भवती होने पर सामने आई हैवान की हकीकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में 13 साल की किशोरी के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। किशोरी ने अपने बहनोई पर यौन उत्पीड़न करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस ने आरोपी बहनोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता अपने परिजनों और भाई बहन के साथ नांगलोई इलाके में रहती है। वह सरकारी स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ती है। नांगलोई थाने में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि उनके घर से दो तीन घर छोड़कर उनके फूफा का परिवार रहता है। परिवार में फूफा-फूफी और उनकी चार बेटियां और एक बेटी का पति है। पीड़िता ने बताया कि वह अकसर उनके घर बहनों के साथ खेलने जाती थी।

15 दिसंबर की शाम वह उनके घर पर खेलने गई। उसकी दीदी ने घर पर खेलने की बात कहकर फूफी के साथ बाजार चली गई। फूफा काम पर गए हुए थे। घर में बहनोई अकेले थे। आरोप है कि उनके जाने के बाद बहनोई ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। साथ ही किसी को कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे वह काफी डर गई और उसने किसी को कुछ नहीं बताया। 19 मई को उसकी तबीयत खराब होने पर उसकी मां उसे पीतमपुरा स्थित महावीर अस्पताल लेकर गई। जहां जांच पड़ताल करने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि वह गर्भवती है।

उसके बाद अस्पताल से घटना की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने पीड़िता की काउंस. लिंग करवाई। जिसमें पीड़िता ने सारी बात बताई। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद पीड़िता के आरोपी बहनोई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने किया शालीमार बाग में विकास कार्यों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं निरीक्षण कर क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान की। इस दौरान उन्होंने एडी ब्लॉक शालीमार बाग एवं एपी ब्लॉक पीतमपुरा में नागरिक सुविधाओं से संबंधित अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा केपी ब्लॉक कॉम्प्लेक्स और मुनक नहर स्थित छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने एडी ब्लॉक शालीमार बाग में सड़कों, नालियों और गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया।

इसके साथ ही पार्कों में वॉकवे व बाउंड्री वॉल निर्माण, डीडीए मार्केट में सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग, सड़क एवं ड्रेनेज सिस्टम के विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जलभराव की समस्या में कमी आएगी, सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता बढ़ेगी और क्षेत्र का स्वरूप भी बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने एपी ब्लॉक, पीतमपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें बाउंड्री वॉल निर्माण, सड़क एवं नाली निर्माण तथा बाजार क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास से जुड़े कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### आदर्श नगर में फैक्टरी में कंप्रेसर फटने से दो मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में एक फैक्टरी में कंप्रेसर फटने से दो श्रमिक घायल हो गए। यह घटना शनिवार सुबह हुई, जिसकी जानकारी पुलिस ने दी। घायलों को इलाज के लिए मॉडल टाउन के विनायक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को सुबह 9:50 बजे विनायक अस्पताल से घटना की सूचना मिली। यह विस्फोट जीटी करनाल सड़क औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में हुआ। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि फैक्टरी के अंदर दीवार पर लगा एक कंप्रेसर फट गया था। इस घटना में वहां मौजूद दो श्रमिक घायल हो गए। घायलों की पहचान 35 वर्षीय अरविंद और 50 वर्षीय संतोष के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों घायल श्रमिकों के बयान दर्ज किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट काम के दौरान हुआ। पुलिस ने बताया कि दोनों श्रमिक खतरे से बाहर हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। वे विस्फोट के कारणों की जांच कर रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का दौरा किया। घटना के बाद किसी भी कानून व्यवस्था की समस्या या भीड़ जमा होने की सूचना नहीं मिली है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। आगे की जांच जारी है ताकि घटना के सभी पहलुओं का पता लगाया जा सके। पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे।

### सौरभ भारद्वाज के खिलाफ प्रवेश वर्मा ने दर्ज कराया मानहानि का मामला

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की राउज एवेन्यू में बनी विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने प्रदेश सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा की आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सौरभ भारद्वाज के खिलाफ मानहानि की एक शिकायत को शुक्रवार को स्वीकार कर लिया।,यह मामला अपर मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) पारस दलाल के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। अदालत ने शिकायतकर्ता श्री वर्मा को समन-पूर्व साक्ष्य दर्ज कराने के लिए आगामी 9 और 11 जून की तारीखें दी हैं। वर्मा के वकील प्रवीण कुमार के अनुसार, यह मामला श्री भारद्वाज की सोशल मीडिया पर डाली गई कुछ पोस्ट के बाद दर्ज कराया गया। इनमें श्री भारद्वाज ने 'एस.एस. मोटा सिंह स्कूल ट्रस्ट' में श्री वर्मा की भूमिका होने के आरोप लगाए थे। श्री भारद्वाज ने गत 15 और 16 मई को आरोप लगाया कि श्री वर्मा ने मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने एक कथित सहयोगी को एक निजी स्कूल के ट्रस्ट में बतौर ट्रस्टी नियुक्त किया है। ट्रस्ट के पास लगभग 500 करोड़ रुपये की संपत्ति है और यह श्री वर्मा का है।

### तुगलक रोड कारोबारी व परिवार को बंधक बनाकर डकैती में शामिल आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** तुगलक रोड इलाके में कारोबारी और उसके परिवार को बंधक बनाकर डकैती डालने वाले डकैत निहाल हसन उर्फ संजय को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नए रखे गए घरेलू नौकर के जरिए डकैती को अंजाम दिया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने 17 अप्रैल की रात साढ़े आठ बजे तुगलक रोड के गोल्फ कोर्स इलाके में कारोबारी और उसके परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात हुई थी। शिकायतकर्ता के चार से पांच दिन पहले नौकरी सुशील को काम पर रखा था। उसने जानबूझकर घर का मुख्य दरवाजा खोला था। उसके 5-6 साथी घर में घुसे। जिन्होंने तलवारों, लोहे की छड़ों और अन्य जानलेवा हथियारों से लैस होकर घर में घुसे और तुरंत ही दहशत और डर फैलाकर घर में मौजूद लोगों को काबू कर लिया। लाखों रुपये के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए थे। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। निहाल हसन उर्फ संजय के बारे में अपराध शाखा को पता चला था।

# शास्त्री पार्क की फर्नीचर मार्किट में लगी आग, करोड़ों का फर्नीचर जलकर स्वाहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क में स्थित फर्नीचर मार्किट में भीषण आग लग गयी, जिसमे सैकड़ो दुकानें जली ओर करोड़ों रूपये का फर्नीचर जलकर खाक हो गया, शनिवार को भी मार्किट की दुकानों से धुआं उठता नजर आ रहा था।

दुकानदारों का कहना है कि दमकल की गाड़ियां समय से नहीं पहुंची जिससे नुकसान ज्यादा हुआ है, गौरतलब है कि गुस्साए दुकानदारों ने दमकल की गाड़ियों पर पथराव भी किया पर मौके पर मौजूद पुलिसबल ने उनको समझा-बुझाकर शांत किया स शनिवार सुबह मार्किट के बाहर मौजूद दुकानदार ओर उनके परिजन रोते बिलकते नजर आए स

शुक्रवार को रोजाना की तरह फर्नीचर मार्किट के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद की थी, रात करीब 11. 30 बजे मार्किट में आग लग गयी ओर उसने देखते ही देखते सैकड़ो दुकानों को अपनी गिरफ्त में ले लिया स मार्किट में मौजूद लोगों ने किसी तरह मार्किट से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई, ओर करीब 11. 57 पर आग की सूचना दमकल विभाग को दी गयी, दुक. ानदारों का आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद दमकल की केवल दो गाड़ियां पहले मौके पर पहुंची थी जिसके बाद बढ़ती आग को देखते हुए करीब 25 गाड़ियां मौके पर पहुंची ओर आग पर काबू पाया, आग इतनी भीषण थी कि शनिवार को भी दुकानों से धुंआ निकल रहा था स इस मार्किट में करीब 750 दुकानें बताई जा रही है जिसमे से करीब 700 दुकानें जलकर खाक हो गयी और उनमे रखा करोड़ो रूपये का सामान जल गया, सिर्फ फर्नीचर के लोहे के फ्रेम बचे नजर आ रहे थे स इसी मार्किट में दुकान चलाने वाले फैजुल जो शास्त्री पार्क में रहते है, ने बताया कि ईद के मौके पर अच्छी दुक. ानदारी थी, पिछले 12 साल से वह यहां दुकान चलाते है।

> करीब 12 साल पहले मीना बाजार को हटाया गया था तब वहां के दुकानदारों को यहां दुकानें दी गई थी, सभी दुकानदारों ने मिलकर यहां फर्नीचर की दुकानें खोली थी। इस मार्किट को जिस तरह से अलॉट किया गया था उस संरचना के साथ छेड़छाड़ की गई, सभी ने पूरी मार्किट में टीनशेड डालकर दुकानों को आपस में जोड़ दिया था, और फर्नीचर इस कदर रखा जाता था कि एक दुकान का सामान दूसरी दुकान से सटा होता था और सिर्फ पैदल निकलने का रास्ता ही बचता था, जिससे आग एक दुकान से दूसरी दुकान तक आसानी से फैल गयी और बड़ा हादसा हो गया।

उन्होंने दमकल विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा अगर समय रहते दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच जाती तो इतना नुकसान नहीं होता स फैजुल के भाई रफीक की भी इसी मार्किट में दूकान है। उन्होंने बताया कि कल उन्होंने दुकान में अपनी बुलेट भी खड़ी की थी जो फर्नीचर के साथ जल गयी स इसी मार्किट में दुकान चलाने वाले नसीम अहमद ने बताया की उनके रिश्तेदारों की मिलाकर इस मार्किट में 8 दुकानें है सभी दूकान जल गयी ओर सारा फर्नीचर जल गया स

गौरतलब है कि आग इतनी भीषण थी कि मार्किट से करीब 80-90 फुट दूर तक जा पहुंची, इस मार्किट से रेलवे लाइन करीब 80-90 फुट दूर है आग वहां तक जा पहुंची,रेलवे विभाग के कर्मचारियों ने उस आग को समय रहते बुझा दिया वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था।



पूर्वी जिला पुलिस आरडब्ल्यूए तथा सहकारी समूह आवास समितियों के साथ संवाद बैठक करते हुए।

# पूर्वी जिला पुलिस ने किया आवास समितियों के साथ संवाद बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने और पुलिस-जनता साझेदारी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पूर्वी जिला पुलिस ने आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, में सहकारी समूह आवास समितियों और आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के साथ एक संवाद बैठक आयोजित की।

इस कार्यक्रम में विभिन्न आर डब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के प्रति. निधियों, सहकारी समूह आवास समितियों के सदस्यों, प्रमुख निवा. सियों और पूर्वी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उ भाग लिया।

इस संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था जोन 1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त ईस्टर्न रेंज डॉ. अजीत कुमार सिंगला, की उपस्थिति में की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त पुर्वी राजीव कुमार, अतिरिक्त पल्स उपायुक्त पूर्वी सृष्टि पांडे, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, एसीपी और एसएच ओ भी उपस्थित थे।

इस बैठक का उद्देश्य दिल्ली पुलिस और निवासियों के बीच समन्वय को मजबूत करना, पुलिसिंग में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से स्थानीय सुरक्षा और संरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करना था।

# किंग्सवे कैंप मार्केट में जूते के शोरूम में आग चार घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के मुखर्जी नगर इलाके में शनिवार सुबह किंग्सवे कैंप मार्केट स्थित एक जूते के शोरूम में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान की तीन मंजिलें इसकी चपेट में आ गईं।

मौके पर पहुंची दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान में रखा सामान जलने से आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 6:52 बजे मुखर्जी नगर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए किंग्सवे कैंप मार्केट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एएसआई सुखवीर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में पता चला कि आग दुकान नंबर-101 में बने बाटा शोरूम के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी।

हालांकि कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी। बताया जा रहा है कि शटर का लॉक तत्काल नहीं टूट पाने के कारण आग पर शुरुआती स्तर पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका, जिससे आग पहली और दूसरी मंजिल तक पहुंच गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के दौरान सड़क पर वाहनों की आवा. जाही रोक दी गई और केवल दमकल विभाग के वाहनों को आने-जाने की अनुमति दी गई। इधर सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

पुलिस अधिकारी के अनुसार दुकान के अंदर बड़ी संख्या में जूते और अन्य सामान कागज के डिब्बों में पैक होकर रखा हुआ था। ज्वलनशील सामग्री अधिक होने के कारण आग तेजी से भड़कती चली गई, जिससे आग बुझाने में काफी समय लगा। पुलिस के अनुसार करीब चार घंटे तक चले अभियान के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## 6 साइबर जालसाज को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिला पुलिस के साइबर थाने ने इंदौर में अवैध फॉरेक्स ट्रेडिंग कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर छह साइबर जालसाज को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 47 मोबाइल फोन, 46 सिम कार्ड और 29 कंप्यूटर सिस्टम बरामद किए है।यह कॉल सेंटर फॉरेक्स ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश योजनाओं के बहाने देश में भोले-भाले लोगों को ठगने में शामिल था। वे ठगी के पैसे को इधर-उधर करने के लिए 40 से ज़्यादा 'म्यूल' बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। गैंग ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म/लिंक के जरिए एक नकली निवेश ऑपरेशन चला रहा था, जहाँ पीड़ितों को नकली मुनाफे और मनगढ़ंत ट्रेडिंग लाभ दिखाकर पैसे निवेश करने का लालच दिया जाता था।

# भारतीय टोंग-इल मू-डो महासंघ के चुनाव 30 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय टोंग- इल मू-डो महासंघ (कोरियन मार्शल आर्ट) की ओर से भारत सरकार द्वारा स्पोर्ट्स कोड को लागू करने के लिए भारतीय टोंग- इल मू-डो महासंघ ने पहल करते हुए महासंघ का चुनाव कराने के लिए संकल्प लिया।

यह चुनाव प्रक्रिया पूरे स्पोर्ट्स कोड को लागू करने के लिए रखी गई है। संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार चौधरी ने बताया कि अब भारत में कोई भी स्पोर्ट्स संघ बिना स्पोर्ट्स कोड को अपनी फेडरेशन में लागू किए बिना कोई भी मान्यता, जो कि सरकार द्वारा संघ को दी जाती है, वह नहीं मिलेगी। इसलिए भारतीय टोंग-इल मू-डो महासंघ इसकी पहल कर रहा है, जिससे कि हमारी गेम को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो सके, जिसके लिए हमने आगामी दिनांक 30 मई 2026 को होटल पाम ग्रीन रिजॉर्ट जी टी करनाल रोड दिल्ली में.चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इस चुनाव में भारत के लगभग 20 राज्य भाग लेंगे, जिसमें 15 पोस्टों के लिए चुनाव कराया जाएगा जो कि निम्न प्रकार से हैं, अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, कैशियर, एथलीट रिप्रेजेंटेटिव, जॉइंट सेक्रेटरी, और इसी मेंबर के लिए चुनाव कराया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग दो पशुओं की हुई दर्दनाक मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में छोटा मंदिर रामलीला ग्राउंड के पास शनिवार की दोपहर में अचानक एक छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई पीड़ित ने पड़ोसियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग में झुलसने से दो पशुओं की मौत हो चुकी थी जबकि एक पशु बुरी तरह घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला छोटा मंदिर रामलीला ग्राउंड के पास मनोज पुत्र भोपाल एक किराए के प्लॉट में झोपड़ी डालकर रहता है बताया जाता है कि मनोज वही पर पशुओं का भी पालन करता है पशुओं का दूध बेचकर व मजदूरी कर वह अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर में लगभग 2 बजे अचानक उसके छप्पर में आग लग गई आग की लपटे देखकर मनोज की दो बेटियों की चीख निकल गई और उन्होंने शोर मचा दिया शोर सुनकर मनोज के साथ साथ आसपड़ोस के लोग भी इकट्ठा हो गए पड़ोसियों ने अपने घरों से पानी लाकर डालना शुरू कर दिया वहीं कुछ लोगों ने सबमर्सिबल से आग बुझाने का प्रयास किया काफी देर बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक छप्पर में बंधी एक गाय व एक बछिया की आग में जलकर मौत हो गई जबकि एक कटिया भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका इलाज कराया जा रहा है लेकिन उसका बचना भी बहुत मुश्किल है। वहीं छप्पर में रखा भूसा, चारा व मनोज की झोपड़ी भी जलकर राख हो गई गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर लेखपाल विकास ने भी पहुंचकर जानकारी ली। वहीं सूचना पर लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। चौकी प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है जांच की जा रही है।







### मोहन सैनी ने नगद धनराशि देकर की आर्थिक सहायता

छप्पर में आग लगने के बाद भाजपा नेता व समाजसेवी मोहन सैनी ने मौके पर पहुंचकर पांच हजार रुपए नगद देकर पीढ़ित की आर्थिक सहायता की ओर शासन से भी उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# कार और बाइक की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गडीना मार्ग पर शनिवार देर शाम को बाइक और कार की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए फलावदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरो ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अल्टो कार सवार युवक गडीना की ओर से फलावदा जा रहे थे। और बाइक सवार युवक फलावदा से अपने गांव गडीना जा रहे थे। सामने तेज गति से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक काफी दूर खेत में गिर गई और कार पलट गई। जिसमें बाईक सवार बंटी पुत्र महावीर, गौरव पुत्र मुनेश कुमार महेंद्र पुत्र चमन निवासी ग्राम गडीना गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जबकि कार सवार दो युवक मामूली रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। कार व बाइक को थाने ले गए हैं। गडीना गांव निवासी राजेंद्र व देविंद्र, संजय आदि ने बताया कि अल्टो कार चालक जान बूझ कर लापरवाही से गांव में भी तेज गति से चला रहा था जिससे कई लोग चपेट में आने से बाल बाल बचे है। घटना के संबंध में समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।



# किठौर में पुलिस का सख्त वाहन चेकिंग अभियान

## तेज आवाज में पटाखे छोड़ रही बुलेट बाइक सीज, कई वाहनों के चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से किठौर पुलिस ने शनिवार देर शाम व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सेना व क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने स्वयं किया। पुलिस टीम ने कस्बा किठौर के मवाना तिराहे से लेकर हापुड़ स्टैंड तिराहे तक सघन चे़किंग कर संदिग्ध एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना कागजात, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा यातायात नियमों की अनदेखी कर चल रहे कई वाहनों के चालान किए गए। पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल बना रहा। वहीं तेज आवाज में पटाखे छोड़ रही एक बुलेट बाइक पुलिस के निशाने पर आ गई। जांच के दौरान बाइक में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और सार्वजनिक शांति भंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें तथा मॉडिफाइड साइलेंसर और स्टंटबाजी से बचें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई जा सके। पुलिस के इस अभियान को लेकर आम नागरिकों ने भी संतोष जताया और कहा कि ऐसे अभियानों से सड़क सुरक्षा मजबूत होगी तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा।

# मुंडाली में अवैध हथियारों के नेटवर्क पर पुलिस का बड़ा प्रहार

- सात शस्त्र तस्कर गिरफ्तार, पिस्टल-तमंचे और कारतूसों का जखीरा बरामद
- ऑन डिमांड सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो स्प्लेंडर बाइकें व नकदी जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात युवकों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल, कई तमंचे, जिंदा और खोखा कारतूस, नकदी तथा दो स्प्लेंडर बाइकें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपी क्षेत्र में 'ऑन डिमांड' अवैध हथियारों की सप्लाई कर रहे थे और पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम शफियाबाद लोटी चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह जादौन को मुखबिर से सूचना मिली कि शफियाबाद लोटी निवासी एक युवक बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक पर 32 बोर की पिस्टल बेचने के लिए जिसौरी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने लोटी-जिसौरी मार्ग पर सघन चे़कंग अभियान शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद एक संदिग्ध युवक बिना नंबर की बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम निखिल कुमार उर्फ साहिल पुत्र कंवरपाल निवासी शफियाबाद लोटी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और छह सौ रुपये बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर निखिल ने पूरे गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मांग के अनुसार अवैध हथियारों की सप्लाई करता है। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जिसौरी निवासी सदाकत पुत्र हिरासत को एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, आठ खोखा कारतूस और नौ हजार रुपये के साथ पकड़ा। वहीं मतनौरा बाबूगढ़ निवासी अभिषेक उर्फ गुड्डू पुत्र रकम सिंह के पास से तमंचा, कारतूस और पांच सौ रुपये बरामद किए गए। शफियाबाद लोटी निवासी निशांत पुत्र सतवीर से भी एक तमंचा, कारतूस और पांच सौ रुपये मिले। इसके अलावा अटौला निवासी पियूष पुत्र अमित के कब्जे से तमंचा, कारतूस और सौ रुपये, श्यामपुर हापुड़ देहात निवासी निशांत उर्फ कप्तान उर्फ सिवान पुत्र देवेंद्र से तमंचा, कारतूस और दो हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने अतराड़ा खरखौदा निवासी अनमोल उर्फ यश पुत्र अरविंद त्यागी को भी एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान पुलिस को अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। माना जा रहा है कि यह गिरोह आसपास के जिलों तक सक्रिय था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और हथियार सप्लायरों तक पहुंचने के लिए गहन जांच में जुट गई है।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# गंगनहर पुल बना 'डेथ पॉइंट'

## पुलिस चौकी के सामने मौत से खेल रहे युवक और बच्चे, हर दिन बढ़ रहा हादसे का खतरा

- जान की बाजी लगाकर नहर में छलांग लगा रही है युवा पीढ़ी

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** भीषण गर्मी पड़ते ही दौराला गंगनहर पुल एक बार फिर लोगों की जान के लिए खतरा बनता जा रहा है। सुबह होते ही पुल पर युवाओं और नाबालिग बच्चों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है, जो देर शाम तक बनी रहती है। तेज बहाव वाली गंगनहर में ऊंचाई से छलांग लगाना, खतरनाक स्टंट करना और सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाना यहां आम बात हो चुकी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि स्थानीय लोग अब इस पुल को 'डेथ पॉइंट' कहकर पुकारने लगे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुल के बराबर में पुलिस चौकी मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद खतरनाक गतिविधियों पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर युवक पुल से छलांग लगाते हैं, नहर में तैरते हैं और कई बार शराब के नशे में भी पानी में उतर जाते हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर केवल औपचारिक कार्रवाई ही देखने को मिलती है। गर्मी बढ़ने के साथ गंग. नहर पुल युवाओं के लिए 'एडवेंचर प्वाइंट' बनता जा रहा है। दोपहर होते-होते यहां दर्जनों बाइक और स्कूटी खड़ी दिखाई देती हैं। आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में युवक यहां पहुंचते हैं। कई युवक अपने दोस्तों के साथ मोबाइल कैमरे ऑन कर पुल से छलांग लगाते हैं और खतरनाक स्टंट करते हैं। फिर इन वीडियो को इंस्टाग्राम रील्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल किया जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज पाने की होड़ युवाओं को मौत के मुंह तक ले जा रही है। बड़े युवकों को देखकर नाबालिग बच्चे भी उनकी नकल करने लगते हैं। कई बार छोटे बच्चे बिना तैरना जाने ही गहरे पानी में उतर जाते हैं। परिजन रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन बच्चों पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ रहा। गंगनहर का तेज बहाव और गहराई पहले भी कई लोगों की जान ले चुकी है। हर साल गर्मियों में डूबने की घटनाएं सामने आती हैं। कई परिवार अपने बच्चों और युवाओं को खो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किए गए। हादसे के बाद कुछ दिन तक पुलिस और प्रशासन सख्ती दिखाते हैं, लेकिन धीरे-धीरे हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं।



सरधना के दौराला गंगनहर पुल से छलांग लगाते नाबालिग बच्चे व युवा।

### पुलिस चौकी के सामने चल रहा 'मौत का खेल'

दौराला गंगनहर पुल के ठीक बराबर में पुलिस चौकी स्थित है। इसके बावजूद दिनभर युवक नहर में छलांग लगाते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद होते हैं, लेकिन युवकों को केवल समझाकर छोड़ दिया जाता है। सख्त कार्रवाई न होने से युवकों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

### इंस्टाग्राम रील्स के लिए कर रहे खतरनाक स्टंट

गंगनहर पुल अब सोशल मीडिया रील्स बनाने वालों का नया अढा बन गया है। कई युवक ऊंचाई से छलांग लगाते हुए वीडियो शूट करते हैं। कोई स्लो मोशन वीडियो बनाता है तो कोई खतरनाक एंगल से स्टंट रिकॉर्ड करता है। लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने की चाह में युवक अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं।

### नाबालिग बच्चे भी लगा रहे मौत की छलांग

पुल पर आने वाले बच्चों में बड़ी संख्या नाबालिगों की है। 12 से 16 साल तक के बच्चे बड़े युवकों को देखकर खुद भी नहर में कूदने लगते हैं। कई बच्चे तैरना तक नहीं जानते, लेकिन दोस्तों के दबाव और दिखावे के कारण पानी में उतर जाते हैं। इससे हादसे का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

### शराब पीकर नहर में उतर रहे युवक

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल और मढियाई कांवड़ मार्ग के आसपास खुलेआम शराबखोरी हो रही है। कई युवक शराब पीने के बाद नहर में उतर जाते हैं। नशे की हालत में तेज बहाव वाली नहर में उतरना जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों का कहना है कि पुलिस को इस पर सख्ती करनी चाहिए।

### हर साल डूबते हैं लोग, फिर भी नहीं चेता प्रशासन

गर्मी शुरू होते ही गंगनहर पुल पर भीड़ बढ़ जाती है और इसके साथ हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। हर साल डूबने की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार रेस्क्यू टीम को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी सुरक्षा योजना लागू नहीं की गई।

### नहीं है बैरिकेडिंग, सुरक्षा इंतजाम नाकाफी

गंगनहर पुल पर मजबूत बैरिकेडिंग नहीं है। कई जगह सुरक्षा रेलिंग टूटी हुई बताई जा रही है। चेता. वनी बोर्ड भी या तो कम हैं या फिर लोगों की नजर से दूर लगे हैं। मौके पर लाइफगार्ड, गोताखोर या रेस्क्यू टीम की स्थायी तैनाती भी नहीं है।

### पहले भी हो चुके हैं कई दर्दनाक हादसे

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले वर्षों में भी गंगनहर में कई युवक डूब चुके हैं। कुछ मामलों में शव कई किलोमीटर दूर जाकर मिले। हर हादसे के बाद कुछ दिन तक चर्चा होती है, लेकिन समय बीतते ही मामला ठंडा पड़ जाता है और फिर वही लापरवाही शुरू हो जाती है।

### पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्यवाही-सीओ आशुतोष कुमार

इस संबंध में जब शाह टाइम्स संवाददाता ने सरधना सीओ आशुतोष कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि गंगनहर पुल पर पुलिसकर्मी की तैनाती कर दी गई है, शराब का सेवन वह पुल स छलांग लगाने वालों के खिलाफ पकड़कर कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की 'मेगा समर सेलिब्रेशन' की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपने 'कस्टमर-फर्स्ट' दर्शन को आगे बढ़ाते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने गुरुवार को बहुप्रतीक्षित 'मेगा समर सेलिब्रेशन 2026' की शुरुआत की घोषणा की। इस पहल में कई आकर्षक ऑफर और वैल्यू-ऐडेड बेनिफिट्स शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राहकों के भरोसे और संतुष्टि को और मजबूत करना है। यह कैंपेन उत्तर भारत के सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप्स पर लागू किया जाएगा। समर सेलिब्रेशन 2026 एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप्स पर उपलब्ध रहेगा। यह कैंपेन मई से जून 2026 तक चलेगा। कैंपेन पर बोलते हुए मुथन्ना, वाइस प्रेसिडेंट और चीफ रिप्रेजेंटेटिव नॉर्थ रीजन, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि हम अपने कस्टमर-फर्स्ट दर्शन के साथ अपने ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहक इनसाइट्स के आधार पर हमने नई कारों, यूज्ड कारों और आफ्टर-सेल्स सर्विस पर शानदार समर स्कीम्स तैयार की हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएचसी, पीएचसी सहित जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालों में आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा मरीजों के उपचार में संवेदनशीलता एवं तत्परता सुनिश्चित की जाए। सभी सीएचसी, पीएचसी एवं सरक. ारी अस्पतालों का नियमित निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने आशाओं के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जारी नई गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार लाया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही एवं शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले कर्मी को प्रोत्साहित किया जाये तथा लापरवाही करने वालो पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सक्षम पोर्टल के समस्त इंडिकेटरों में अपेक्षित सुधार किया जाये। हीटवेव के दृष्टिगत समग्रता के साथ कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से दुरुस्त रखने तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में बिल भुगतान, उपकरण क्रय, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ एवं यूएनडीपी से संबंधित प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला क्षय रोग अधिकारी, एसीएमओ, एमओआईसी, सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कैंपस एक्टिववियर ने अपनी नई ब्रांड पहचान की पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने अपनी वार्षिक डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट शूकेस 2026 के दौरान ब्राण्ड की नई पहचान पेश की। इस अवसर पर कैंपस एक्टिववियर के होल टाइम डायरेक्टर और सीईओ निखिल अग्रवाल ने कहा यह बदलाव हमारी ब्रांड यात्रा के अगले चरण की शुरुआत है। यह आज की उस पीढ़ी को दर्शाता है जो अपनी पहचान को महत्व देती है, संस्कृति से प्रेरणा लेती है और लगातार आगे बढ़ते हुए सफलता को अपने तरीके से परिभाषित करती है। हमारी नई पहचान इसी सोच को केंद्र में रखती है।

# एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सुभारती विश्वविद्यालय का अहम कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर आधारित 5-दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के मदन मोहन मालवीय ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें विश्व. विद्यालय के विभिन्न संकायों से 90 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सैद्धांतिक ज्ञान, व्यवहा. रिक कौशल एवं नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना था। पांच दिनों तक चले इस एफ.डी.पी. में शिक्षा, शोध, तकनीक और अकादमिक उत्कृष्टता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारतीय शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तनकारी पहल बताते हुए बहु-विषयी शिक्षा, कौशल विकास, भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा लचीले शिक्षा पथों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों से भी जोड़ती है। कार्यक्रम में एचआरडीसी की निदेशक एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की कार्यवाहक डीन प्रो. (डॉ.) पद्मा मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा एफ.डी.पी. की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. गौरब कुमार शर्मा, सदस्य सचिव एच.आर.डी.सी. एवं एसोसिएट प्रोफेसर, द्वारा किया गया।

पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पाठ्यक्रम डिजाइन एवं विकास, एनईपी एवं NCrF फ्रेमवर्क, अंतर्विषयी शिक्षण एवं अधिगम, शोध नैतिकता, अकादमिक अखंडता एवं प्लेजरिज्म रोकथाम, भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं ऑनलाइन शिक्षण, अनुसंधान हेतु डेटा विश्लेषण, अनुदान लेखन एवं फंडिंग अवसर, बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट एवं डिजाइन फाइलिंग, तनाव प्रबंधन, कार्य-जीवन संतुलन एवं कार्य नैतिकता जैसे समकालीन विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए।

इन सत्रों का संचालन विश्व. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिनमें प्रो. (डॉ.) प्रभात कुमार, प्रो. (डॉ.) संगीता दयाल, प्रो. (डॉ.) मनोज कपिल, प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा, डॉ. निशा राणा, डॉ. मंजू अधिकारी तथा प्रो. (डॉ.) अणोज राज सहित अनेक विद्वान शामिल रहे। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के व्यावहारिक पक्षों, अनुसंधान की गुणवत्ता तथा डिजिटल शिक्षण पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों की एक आकलन परीक्षा आयोजित की गई, जिसके माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। समापन अवसर पर डॉ. गौरब कुमार शर्मा ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा, सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज, कार्यक्रम निद. ेशक, सभी संसाधन व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह संकाय विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल साबित हुआ, जिसने शिक्षकों को आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

# सीएनजी की कीमतों में 1 रुपये की बढ़ोतरी 81 रुपये प्रति किलो के पार पहुंची कीमत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की खुदरा कीमत में 1 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई। पिछले 10 दिनों में यह तीसरी बार है, जब कीमतों में बदलाव किया गया है।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के अनुसार, नई दिल्ली में सीएनजी की कीमत 80.09 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 81.09 रुपए प्रति किलो हो गई है। वहीं, पड़ोसी शहरों नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत बढ़कर 89.70 रुपए प्रति किलो हो गई है, जबकि गुरुग्राम में यह 86.12 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। इससे पहले 15 मई को सीएनजी की कीमत में 2 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि 17 मई को इसमें 1 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ था।

सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और गैस से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों पर पड़ने की संभावना है। इससे घरेलू खर्च और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ सकती है। इस बीच, सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की। करीब 10 दिनों में यह तीसरी बार है जब ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण की गई है, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपए से बढ़कर 99.51 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल 91.58 रुपए से बढ़कर 92.49 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बढ़ोतरी देश भर के कई शहरों में एक समान रूप से लागू की गई है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर 48 करोड़ की गांजा जब्त, दो दबोचे

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग को बड़ी कामयाबी मिली है। अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर करीब 48 करोड़ रुपये कीमत की हाइड्रोपोनिक गांजा की खेप पकड़ी है। इस मामले में बैंकॉक से आए दो थाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। हाल के दिनों में दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर यह सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है। जानकारी के मुताबिक, 22 मई को बैंकॉक से एयर इंडिया की फ्लाइट के जरिए दो थाई नागरिक आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे। कस्टम अधिकारियों को इनपर पहले से शक था। ग्रीन चौनल पार कर बाहर निकलने की कोशिश के दौरान दोनों यात्रियों को रोक लिया गया।

# एक सौ 28 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल अपराधी चढ़ा हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्या आप किसी अंजान दुकानदार को अपनी आईडी की कॉपी देकर जा रहे हैं। आपको पता है कि आपकी आईडी का इस्तेमाल नकली कंपनी और फिर नकली जीएसटी इनवॉइसिंग के लिये इस्तेमाल हो सकता है।

असल में आर्थिक अपराध शाखा ने नकली कंपनियाँ चलाने और नकली जीएसटी इनवॉइसिंग से एक सौ 28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले सिंडिकेट के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के बाकी सदस्यों के बारे में भी जानकारी लेकर उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा में बीते 24 मार्च को एक मामला दर्ज किया था। यह मामला एक कंपनी के नाम पर एक नकली प्रोप्राइटरशिप फर्म के धोखाधड़ी से निर्माण और संचालन से संबंधित था। इस फर्म को जीएसटी विभाग में नौकरी दिलाने के झूठे बहाने से, एक अनजान व्यक्ति की पहचान और वित्तीय दस्तावेजों का दुरुपयोग करके बनाया गया था।

पुलिस ने मामले में पहले ही राज कुमार दीक्षित, अमर कुमार, विभाष कुमार मित्रा, नितिन वर्मा, मोहम्मद वसीम और आबिद को गिरफ्तार कर लिया था। जिनको रिमांड पर लेने पर उनके दो और साथी पुनित और हेमंत मुलानी के बारे में पता चला था। जिनको उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पुनीत पहले शिकायतकर्ता का दोस्त था। उसने किसी तरह शिकायतकर्ता की आईडी हासिल की और उसे मध्य प्रदेश में हेमंत मुलानी नामक एक अन्य व्यक्ति को भेज दी।

हेमंत मुलानी ने शिकायत कर्ता की आईडी के आधार पर आरोपी फर्म आर के इंटरप्राईजेज को जीएसटी दिल्ली में पंजीकृत करवाया और आईडी उपलब्ध कराने के लिए पुनीत को पांच हजार रुपये भी दिये। इसके अलावा, हेमंत मुलानी ने नकली इनवॉइसिंग और नकली जीएसटी फाइलिंग के लिए 50 हजार रुपये के बदले आरोपी फर्म के डिजिटल क्रेडेंशियल्स नितिन वर्मा को सौंप दिए थे।

## सिलेंडर लीकेज से लगी आग, पुलिस ने जान बचाई

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले में दिल्ली पुलिस के जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए एक जलते हुए मकान से एक साल के बच्चे समेत तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गैस सिलिंडर में रिसाव से आग लगी थी। अजीत नगर इलाके की गली नंबर-नौ में एक में आग लगी थी। आग उस वक्त लगी जब महिला खाना बना रही थी। गैस सिलेंडर में लीकेज होने के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर मौजूद परिवार फंस गया। इसी दौरान इलाके में बीट पेट्रोलिंग कर रहे शाहदरा पुलिस के एएसआई कुलदीप, हेड कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल विपिन और कांस्टेबल सनी ने धुआं और लोगों की चीख-पुकार सुनी। पुलिस टीम ने पहली मंजिल पर फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# निजी स्कूल बिना सरकारी मंजूरी के बढ़ा सकते हैं फीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बिना सरकारी मदद वाले प्राइवेट स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में फीस बढ़ा सकते हैं। इसके लिए उन्हें शिक्षा निदेशालय (डीओई) की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में फीस बढ़ाता है, तो उसे सिर्फ शिक्षा निदेशालय को सूचना देनी है, उन्हें अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि अगर स्कूल शैक्षणिक सत्र के बीच में फीस बढ़ाना चाहते हैं, तब शिक्षा निदेशालय की मंजूरी जरूरी होगी।

कोर्ट ने अभिभावकों को राहतदेते हुए यह भी कहा कि स्कूल पुराने सालों की बढ़ी हुई फीस का बकाया अब नहीं वसूल सकते। यानी 2016-17 या पुराने सत्रों की बढ़ी फीस अब अभिभावकों से नहीं मांगी जा सकती। स्कूलों की आखिरी प्रस्तावित फीस वृद्धि अब अप्रैल 2027 से ही लागू होगी।




दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के डेबिट कार्ड सेवा का शुभारंभ करते समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह।

# दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक के एटीएम सेवा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा आज डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैंक की एटीएम एवं डेबिट कार्ड सेवा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन हि आईटीओ, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा पहली बार एटीएम सेवा की शुरुआत के साथ-साथ गोल्ड लोन सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। बैंक की ओर से डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक एवं आधुनिक बैंकिंग अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न नई पहलों की जानकारी भी साझा की गई।

समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र आम नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के "सहकारिता से समृद्धि" के विजन को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली में सहकारी संस्थाओं को आधुनिक तकनीकों और डिजिटल सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार से आम नागरिकों को अधिक पारदर्शी, सरल और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा सहकारी क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है तथा बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ, आधुनिक और जनहितकारी बनाने की दिशा में कार्य जारी है।

## छात्र संकाय के चयन में देखादेखी न करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं- 12वीं के नतीजे घोषित होने के बाद छात्र भविष्य की दिशा तय करने में जुटे हैं। छात्रों की मदद के लिए स्कूलों में समर काउंसलिंग कैंप आयोजित किए गए हैं। यहां आने वाले 10वीं पास कर चुके छात्रों के सामने सबसे ज्यादा असमंजस संकाय चयन को लेकर है। काउंसलर उन्हें इसमें सहपाठियों की देखादेखी नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। स्कूलों में आयोजित कैंप में काउंसलरों के सामने छात्रों के अलग-अलग सवाल आ रहे हैं। काउंसलरों का कहना है कि सबसे अधिक छात्र 10वीं के बाद संकाय और विषय चयन को लेकर असमंजस में हैं।

# बदमाश की चाकू गोदकर हत्या नाबालिग समेत 5 को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में बीती रात तिहाड़ जेल से बाहर आए बदमाश की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके नाबलिग समेत पांच को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिवार का आरोप है कि उसको फोन करके बुलाया था। फोन कॉल की भी डिटेल खंगाली जा रही है। युवक की पहले से ही दुश्मनी चल रही थी। उसी दुश्मनी में युवक की हत्या की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात द्वारका मोड़ स्थित रूप रानी मग्गो प्राईवेट अस्पताल से एमएलसी मिली थी। जिसमें पता चला कि रनहौला के अमृतपुरी इलाके में रहने वाले बॉबी गुप्ता (23) को खून से लथपथ हालत में लाया गया है। जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान है।

पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बॉबी को मृत घोषित कर दिया। बॉबी के परिवार और दोस्त मौके पर ही मिले। पता चला कि बॉबी करीब डेढ महीने पहले ही तिहाड़ जेल से रॉबरी के केस में बाहर आया था। उसपर निहाल विहार में दर्जनभर केस दर्ज थे। रात को वह अपने दोस्तों के साथ दीपक विहार इलाके में घूम रहा था। उसी वक्त करीब पांच लडकों ने उस पर चाकू से हमला किया था। जबकि उसके साथ के जान बचाकर भाग गए थे। बॉबी चार भाई और बहन व माता पिता के साथ रहता था। वह परिवार में सबसे छोटा और अविवाहित था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके वारदात वाली जगह से क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

शाम छह बजे निकाला था कि मम्मी मैं अभी आ रहा हूँ,उसको बोला था कि तेरे बड़े फोन आ रहे हैं। मगर फिर भी बोलकर निकला था नहीं मैं अभी आ जाऊंगा। बॉबी की मां ने बताया कि पता नहीं कब मेरे बेटे को मारा और क्यों मारा था। वो तो सीधा दुकान पर गया था। उसको फोन करके बुलाया था। घर वाले सुबह तक बोलते रहे कि बेटे को अभी ला रहे हैं। मैं पूरी रात उसका इंतजार करती रही,वो अब आएगा,सुबह उसकी लाश को लेकर आए परिवार वाले,वो तो दुकान पर अपने भाई के साथ बैठा करता था। बॉबी की बहन ने बताया कि बॉबी मेरा सबसे छोटा भाई था,मेरे भाई को पहले फोन पर बाहर बहाने से बुलाया था।। उसकी दुश्मनी क्या होगी।

# मां-बेटे की हत्या करने वाला चचेरा भाई मुठभेड़ के बाद धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टीम ने एक मुठभेड़ के बाद सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है।

सौरभ पर 20 मई को कालकाजी के गोविंदपुरी इलाके में एक गृहिणी और उसके 13 साल के बेटे की उनके ही घर में चाकू मारकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सौरभ मृतक महिला शारदा का चचेरा भाई है और लूटपाट के लिए इसने हत्याकांड को अंजाम दिया है। आरोपी सौरभ संगम विहार में रहता है और उसे पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

दक्षिण-पूर्वी जिले के गोविंदपुरी थाना इलाके में मां शारदा साहू (38) और बेटा खुशहाल (13) की बुधवार देर रात बेरहमी से हत्या कर दी गई। दोनों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। मां के शरीर पर चाकू से 10 से ज्यादा व बेटे के शरीर पर 8 से ज्यादा चाकू के घाव मिले। घर से नकदी व गहने गायब मिले। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हेमंत तिवारी ने बताया घटना की सूचना रात एक बजकर 11 मिनट पर मिली।

## पूसा रोड समेत पांच सड़कों पर आवाजाही होगी आसान

**नई दिल्ली।** करोल बाग, राजेंद्र नगर, पटेल नगर और पूसा संस्थान आने-जाने वाले लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। लोक निर्माण विभाग दक्षिण- पश्चिम दिल्ली के इन इलाकों से जुड़ी पांच प्रमुख सड़कों कर सुदृढ़ीकरण नए सिरे करेगा। इसके लिए चार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि इस काम के तहत पूसा रोड पर पूसा गोल चक्कर से दयाल चौक तक, आईएआरआई की आंतरिक सड़क रतनपुरी चौक से पूसा एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज गेट तक, नारायणा क्षेत्र से गुजर रहे ओपी भारती मार्ग पर सुधार कार्य कराया जाएगा।




मुख्यमत्री रेखा गुप्ता 'अल्ट्रा-मॉडर्न' एयर प्यूरीफायर्स का ग्राउंड निरीक्षण करती हुई।

# मुख्यमंत्री ने किया एयर प्यूरीफायर्स का ग्राउंड निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में स्थापित तीन अत्याधुनिक 'मेड इन इंडिया' एयर प्यूरीफिकेशन टेक्नोलॉजी का निरीक्षण किया। ये सभी तकनीकें विशेष रूप से शहरी वायु प्रदूषण, धूल, धुएं, पीएम 2.5, पीएम 10 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से विकसित की गई हैं।

इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का अवलोकन किया और अधिकारियों से उनकी कार्यप्रणाली, प्रदूषण में कमी लाने की क्षमता तथा प्राप्त परिणामों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इन तकनीकों के संचालन, रखरखाव, क्षमता और दिल्ली में व्यापक स्तर पर इनके संभावित उपयोग को लेकर भी विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का अभियान केवल सर्दियों के कुछ महीनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष के 365 दिनों तक स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने का संकल्प है।

# पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर आप ने साधा सरकार पर निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर आआपा दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बयान में कहा कि पिछले 10 दिनों में पेट्रोल-डीजल के 5 रुपये तक दाम बढ़े। इस तरह से देखे तो भारत की अर्थव्यवस्था कई मायनों में गिरने का सबसे बड़ा कारण यह है कि सरकार पिछले 10 वर्षों में एआई और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए जो काम करना चाहिए था, वह करने में विफल रही। अब इसके कारण रुपये का मूल्य गिर रहा है।

पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक चीजें सभी महंगी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता में विश्वास पैदा करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। लेकिन सरकार सिर्फ महंगाई बढ़ा रही है। जिसके कारण से आम जनता बहुत परेशान है। पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों में 5 रुपये तक दाम बढ़े। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह देश की जनता के बारें में सोचे और बढ़ती महंगाई के लिए भी कार्य करें। सिसोदिया ने कहा कि सरकार की आलोचना को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईडी और सीबीआई की शक्ति का उपयोग करके कब तक जनता के सवालों पर चुप रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से यदि महंगाई बढ़ती रही को आम जनता का क्या होगा।

# पानी कनेक्शन पर इन्फ्रा शुल्क में छूट देने पर सरकार का आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा पानी, सीवर कनेक्शन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज नियमों में किए गए बड़े बदलाव का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 200 वर्गमीटर तक के मकानों को इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज से पूर्णतः मुक्त करना, खुले क्षेत्र (नॉन- एफएआर) को शुल्क गणना से बाहर रखना तथा विभिन्न श्रेणी की कॉलोनियों को भारी राहत देना आम जनता को बड़ी आर्थिक राहत प्रदान करेगा।थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार का यह निर्णय पारदर्शी, न्यायसंगत एवं जनहितकारी है, जिससे राजधानी के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से E, F, G एवं H श्रेणी की कॉलोनियों को दी गई छूट तथा धार्मिक संस्थाओं को राहत देना सराहनीय कदम है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने इस अवसर पर सरकार के समक्ष गांवों एवं ग्रामीणों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण मांग उठाई जिसमें दिल्ली के गांवों में बड़ी संख्या में संयुक्त बड़े प्लॉटो में अलग-अलग परिवार स्वतंत्र रूप से निवास करते हैं।

# दिल्ली जिमखाना क्लब को 5 जून तक खाली करने का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लुटियंस दिल्ली के प्रतिष्ठित दिल्ली जिमखाना क्लब को बड़ा झटका देते हुए क्लब परिसर 5 जून तक खाली करने का आदेश दिया है। केंद्र ने कहा है कि 27.3 एकड़ में फैली यह जमीन रक्षा ढांचे को मजबूत करने और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) ने 22 मई को क्लब सचिव को पत्र जारी कर यह निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि 2, सफदरजंग रोड स्थित यह परिसर अत्यंत संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र में आता है, इसलिए सरकार ने लीज समाप्त करते हुए जमीन पर दोबारा कब्जा लेने का फैसला किया है।

एलएंडडीओ ने कहा कि यह भूमि तत्काल संस्थागत जरूरतों, प्रशासनिक बुनियादी ढांचे और जनहित परियोजनाओं के लिए जरूरी है। आदेश में कहा गया कि लीज डीड की धारा-4 के तहत भारत के राष्ट्रपति की ओर से लीज समाप्त की जाती है और परिसर पर तत्काल प्रभाव से पुनः प्रवेश (री-एंट्री) का आदेश दिया जाता है। सरकारी आदेश के मुताबिक 5 जून को एलएंडडीओ के अधिकारी परिसर का कब्जा लेंगे। क्लब प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से परिसर सौंप दे। आदेश में यह भी कहा गया कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कानून के अनुसार कार्रवाई करते हुए कब्जा लिया जाएगा। दिल्ली जिमखाना क्लब लुटियंस दिल्ली के बेहद महत्वपूर्ण इलाके में स्थित है। यह क्लब लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के पास मौजूद है।

## छह बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली पुलिस ने स्ट्रीट क्राइम, स्नैचिंग और वाहन चोरी पर लगाम कसते हुए दो अलग-अलग ऑपरेशनों में छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मधु विहार और न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की मदद से इन गिरोहों का पर्दाफाश किया है।

इनके पास से वारदातों में इस्तेमाल चार बाइकें व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस इनसे आगे की पूछताछ कर रही है। डीसीपी राजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि मधु विहार पुलिस ने गाजीपुर गोल चक्कर के पास छापेमारी कर एक सक्रिय स्नैचिंग गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# लाल किला पर 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में आज रविवार को आयोजित होने जा रहे 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' कार्यक्रम को लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बड़े स्तर पर ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारी की है।

लाल किला मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही और कई शोभायात्राओं के कारण मध्य दिल्ली और पुरानी दिल्ली के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित रह सकता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले ट्रैफिक की स्थिति की जानकारी लें, जहां संभव हो सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को बताया कि 'जनजाति जागृति समिति' की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत राजधानी के अलग-अलग इलाकों से शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। ये यात्राएं श्यामगिरि मंदिर, रामलीला मैदान, राजघाट, कुदेसिया पार्क और अजमेरी गेट से शुरू होकर लाल किला तक पहुंचेंगी।

# चिंतौली अंडरपास के ऊपर हाईवे पर दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपती घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में चिंतौली अंडरपास के ऊपर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर चीखपुकार मच गई। बाइक पर सवार दो छोटे बच्चे भी हादसे के दौरान सहम गए। सूचना मिलने पर डायल 112 और हाफिजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार परिवार किसी कार्य से लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक चिंतौली अंडरपास के ऊपर पहुंची, पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया गया है कि हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उसकी पत्नी भी घायल हुई है। दोनों बच्चों को भी हल्की चोटें आई हैं और वे हादसे के बाद काफी डरे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हाफिजपुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# गंगा दशहरा 25 मई को, गढ़मुक्तेश्वर में उमड़ेगी आस्था की भीड़, गंगा स्नान से मिलती है दस पापों से मुक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी पर मनाया जाने वाला पावन पर्व गंगा दशहरा इस वर्ष 25 मई सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की बैठक नीलकंठ महादेव मंदिर रेलवे बैरक हापुड़ में आयोजित हुई, जिसमें विद्वानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कहा कि अधिक ज्येष्ठ मास में ही गंगा दशहरा मनाना पूर्णत: शास्त्रसम्मत है। पर्व को लेकर गढ़मुक्तेश्वर सहित जनपद के प्रमुख मंदिरों और घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालुओं में गंगा स्नान और दान-पुण्य को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि स्कंद पुराण के अनुसार गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान कर तिलोदक से अर्घ्य देने पर मनुष्य दस प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि दशमी तिथि 25 मई को प्रात: 4 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ होकर 26 मई को प्रात: 5 बजकर 11 मिनट तक रहेगी। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र और रवि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे पूरे दिन स्नान, दान और पूजन का विशेष पुण्यफल प्राप्त होगा। बैठक में प्रवक्ता पंडित प्रशांत वशिष्ठ ने बताया कि विद्वानों ने धर्मग्रंथ 'निर्णय सिंधु' में वर्णित श्लोक (ज्येष्ठे मलमासे सति तत्रैव दशहरा कार्या न तु शुद्धे) के आधार पर निर्णय लिया कि अधिक मास में ही गंगा दशहरा मनाना शास्त्रों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि 25 मई को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा पूर्ण रूप से वैदिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ रहेगा। महासभा के मंत्री आचार्य देवी प्रसाद तिवारी ने कहा कि गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान करने से व्यक्ति को जीवन में सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ब्रह्म पुराण और वाराह पुराण के अनुसार इस दिन व्रत रखकर गंगा जल में खड़े होकर गंगास्तोत्र का दस बार पाठ करने से दरिद्र और असमर्थ व्यक्ति भी पापों से मुक्त होकर मनोवांछित फल प्राप्त करता है। पंडित अजय पाण्डेय ने बताया कि गंगा दशहरा पर पूजन सामग्री भी दस की संख्या में अर्पित करनी चाहिए। श्रद्धालुओं को 10 पुष्प, 10 पान, 10 लौंग, 10 इलायची, 10 फल, 10 मिष्ठान और 10 दीपक अर्पित करने चाहिए। साथ ही सामर्थ्य अनुसार 10 ब्राह्मणों को दान देना विशेष पुण्यदायक माना गया है। पूजन के दौरान नम: शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमो नम: मंत्र का जाप करने का विशेष महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना की थी, इसलिए गंगा दशहरा पर भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं को इस दिन जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और शिव पूजन अवश्य करना चाहिए।



कोषाध्यक्ष पंडित मित्र प्रसाद काफ्ले ने बताया कि वाल्मीकि रामायण के अनुसार राजा भगीरथ की कठोर तपस्या और चार पीढ़ियों के अथक प्रयास के बाद गंगा जी ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। भगीरथ के प्रयास से धरती पर आने के कारण ही गंगा को भागीरथी कहा जाता है।

# एडीजी भानु भास्कर ने थाने की परखी व्यवस्था, अभिलेखों से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक की गहन जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने शनिवार को पिलखुवा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल बनी रही। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एडीजी ने थाने पहुंचते ही सबसे पहले थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, हवालात, मालखाना, शस्त्रागार और अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, अपराध रजिस्टर, शिकायत पंजिका और हिस्ट्रीशीटरों से संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली। साथ ही पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाने की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए थाना परिसर में सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करने, पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने एडीजी को जनपद में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। वहीं क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने पिलखुवा क्षेत्र में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। एडीजी ने कई पुलिस कर्मियों से सीधे संवाद कर उनकी ड्यूटी और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या:**
**NER-BSB0SnT-OT-24-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक / सिग एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे /वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक:- 1., निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम:-NER-BSB0SnT-OT-24-2026: कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल के 06 लेवल क्रॉसिंग गेटों के इंटरलॉकिंग का कार्य।, **विवरण:- अनुमानित लागत:-** रु. 32112681.34, **बयाना की राशि:-** रु. 642300.00/-, **निविदा प्रपत्र की कीमत:-**रू.00.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 09 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:-** 12.06.2026 को 15:00 बजे, 1. ई-निविदा दिनांक 12.06.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल-39 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# समाधान दिवस में एडीजी ने सुनी जनता की फरियाद, निस्तारण के दिए आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर शुक्रवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद हापुड़ पहुंचे, जहां उन्होंने थाना पिलखुवा और थाना धौलाना का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का मौके पर जाकर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। एडीजी के साथ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकारी पिलखुवा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान थानों में फरियाद लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतों को सुनते हुए एडीजी ने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना परिसर, अभिलेखों, साफ-सफाई व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क तथा लंबित विवेचनाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की नसीहत दी। इस दौरान एडीजी भानु भास्कर ने हाल ही में नियुक्त नए रिक्रूट आरक्षियों से भी संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों से उनके अनुभव पूछे तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण और पुलिस कार्य प्रणाली की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्य संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और अधिक मेहनत एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी, फरियादियों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जनपद में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह थाना पिलखुवा पहुंचे और वहां उपस्थित फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में भूमि विवाद, आपसी कहासुनी, रास्ते के विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखी। एसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों और कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों का वास्तविक समाधान किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों में आपसी समन्वय बनाकर कार्रवाई की जाए।

## कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्ष सह सम्पदा अधिकारी, ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्व नगर (उ0प्र0)-201306

संख्या : एम.पॉच-01(अस्थाई दुकान)/2026-27-ग्रु0के0ग्रेटर नोएडा-भवन दिनांक 20 मई,2026

**विज्ञापन सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में रहने वाले कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों की सुविधा हेतु कैम्पस के अन्दर निम्नलिखित अस्थायी दुकानों (Temporary Shops) को निर्धारित स्थानों पर संचालित करने के लिए इच्छुक एवं योग्य व्यक्तियों/विकेताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्तावित दुकानें व मासिक किराया का विवरण इस प्रकार है :-

| S/No. | Name of Shop (Semi-permanent structure) | Area of shop (In Sqft) | Approx. rent per sqft per month | Minimum Rent per month (In Rs.) | Location of Semi-permanent structure | Electricity Charge per Month | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Momos/Bakery Shop/Tikki Chat Shop | 171 | 12 | 2,052.00 | Children ParK | According to the consumed electricity meter reading | केवल एक विकेता(Vendor) के लिए । |
| | | 171 | 12 | 2,052.00 | Children ParK | ---do--- | |
| | | 171 | 12 | 2,052.00 | Children ParK | ---do--- | |
| | | | Totla Rs. | 6,156.00 | | | |
| 2. | Juice Shop/ Ice-Cream Parlor/ Milk Parlor | 171 | 12 | 2,052.00 | Children ParK | ---do--- | केवल एक विकेता(Vendor) के लिए । |
| | | 171 | 12 | 2,052.00 | Children ParK | ---do--- | |
| | | 522 | 12 | 6,264.00 | Children ParK | ---do--- | |
| | | | Totla Rs. | 10,368.00 | | | |
| 3. | Fruit/Vegetable Shop | 608 | 12 | 7,296.00 | Children ParK | ---do--- | केवल एक विकेता (Vendor) के लिए |
| 4. | Chicken Shop | 171 | 12 | 2,052.00 | Behind Firing Range | ---do--- | केवल एक विकेता (Vendor) के लिए |

**आवेदन की शर्ते** : 1) आवेदक भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, 2) वैध पहचान पत्र (आधार/वोटर आई.डी.) संलग्नक करना होगा, 3) आवेदक का चरित्र प्रमाण पत्र (Police Verification) अनिवार्य होगा, 4) स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन करना होगा, 5) कैम्पस के सुरक्षा नियमों एवं समय-सीमा का पूर्णतः पालन करना होगा, 6) दुकान केवल निर्धारित स्थान एवं समय में ही संचालित की जाएगी, 7) किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित/अवैध वस्तु की बिकी पूर्णतः वर्जित होगी, 8) इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति/विकेता किसी एक दुकान के लिए ही आवेदन कर सकता है, 9) जिस आवेदक के आवेदन में अस्थायी दुकान/रेहड़ी के लिए दिये हुए न्युनतम मासिक किराया से सबसे अधिक मासिक किराया देने के लिए वर्णित होगा उसी आवेदक को वह दुकान दी जायेगी, 10) यह अनुबंध 11 माह के लिए होगा, 11) सम्पदा अधिकारी द्वारा प्रशासनिक कारणों से अनुबंध को बिना कोई कारण बताये किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है, 12) वापसी योग्य सुरक्षा जमा (Refundable security deposit) के रूप में 02 माह का देय मासिक किराया मात्र का DIGP GC CRPF Greater Noida, payable at SBI COLLECTORATE COMPOUND GREATER NOIDA (Branch Code : 005106) के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट। **आवेदन जमा करने का तरीका** : उपरोक्त अस्थाई दुकानें खोलने के लिए इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति/बिकेता अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में वांछित दस्तावेजों (जैसे : 03 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, पहचान पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति एवं अन्य दस्तावेज )सहित पुलिस उप महानिरीक्षक सह सम्पदा अधिकारी, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्व नगर (उ0प्र0)-201306 के पता पर पंजीकृत डाक द्वारा या सीलबन्द लिफाफा हाथों-हाथ दिनांक 25/05/2026 से प्रेषित/जमा कर सकते है। आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक 10/06/2026 को 1600 बजे तक है। अन्यथा इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इस दिये हुए समायावधि में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की मापदण्डों के अनुसार जॉचोपरान्त चयनित आवेदक/दुकानदारों को ही अस्थायी दुकानें आवंटित किये जायेंगे, जिसकी सूचना उसके पत्राचार पता पर/दूरभाष के माध्यम से दे दी जायेगी। **नोट:** विस्तृत विज्ञापन के0रि0पु0बल की बेबसाईट www.crpf.gov.in पर उपलब्ध है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा

## अस्थायी/अर्द्धस्थायी दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

पुलिस उप महानिरीक्षक सह सम्पदा अधिकारी,
ग्रुप केन्द्र,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रेटर नोएडा,
गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)-201306.

विषय : अस्थायी/अर्द्धस्थायी दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं समूह केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रेटर नोएडा परिसर में अस्थायी/अर्द्धअस्थायी दुकान संचालित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। मेरा विवरण इस प्रकार है : -

| क0सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | : ........................ |
| 2. | पिता/पति का नाम | : ........................ |
| 3. | पत्राचार का पूर्ण पता पिन कोड सहित | : ........................ |
| 4. | स्थायी पता पिन कोड सहित | : ........................ |
| 5. | मोबाईल नंबर | : ........................ |
| 6. | आधार संख्या | : ........................ |
| 7. | पैन कार्ड संख्या | : ........................ |
| 8. | व्यवसाय/कार्य अनुभव | : ........................ |
| 9. | जिस दुकान हेतु ओवदन किया जा रहा है। | : ........................ |
| 10. | प्रस्तावित मासिक किराया (रू0में) | : ........................ |
| 11. | पूर्व में दुकान संचलान का अनुभव | : हॉं / नहीं, यदि हॉं तो ..........वर्ष ..........महीना |
| 12. | एस0एस0एस0ए0आई0 रजिस्ट्रेशन संख्या | : ........................ |
| 13. | पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। | : हॉं / नहीं |
| 14. | वापसी योग्य सुरक्षा जमा (Refundable security deposit) के रूप में 02 माह का देय मासिक किराया मात्र का DIGP GC CRPF Greater Noida payable at SBI Collectorate Compound Greater Noida (Branch Code : 005106) के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट | : |
| 15. | अन्य विवरण | : ........................ |

**"घोषणा"**

मैं मेरे द्वारा प्रस्तावित मासिक किराया राशि को स्वीकार करता/करती हूँ तथा यह सहमति देता/देती हूँ कि चयन-प्रकिया में सर्वाधिक मासिक किराया प्रस्तावित करने वाले पात्र आवेदन को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

संलग्न दस्तावेज स्वप्रमाणित:

1. आधार कार्ड/पहचान पत्र ।
2. पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र ।
3. पासपोर्ट आकार के 03 रंगीन फोटो
4. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) ।
5. अन्य आवश्यक दस्तावेज।
5. देय डिमांड ड्राफ्ट

मैं यह घोषण करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। मैं परिसर के सभी नियमों एवं शर्तो का पालन करने हेतु वाध्य रहूँगा/रहूँगी।

दिनांक :

स्थान : आवेदन का हस्ताक्षर

नाम :

**केवल कार्यालय उपयोग हेतु**

आवेदन कमांक.....................

प्रस्तावित मासिक किराया : रू0.........................

दस्तावेज सत्यापन : पूर्ण / अपूर्ण

टिप्पणी :

हस्ताक्षर

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा

# श्रमिक आंदोलन में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

## हाथ में लोहे की राड लेकर की थी तोड़फोड़, श्रमिकों को उकसाया और कार में लगाई आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** 13 अप्रैल को श्रमिक आंदोलन के दौरान सेक्टर-63 क्षेत्र में वाहनों में आग लगाने के मामले में वांछित आरोपी नरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपुल मोटर्स के बाहर खड़े कई चार पहिया और दोपहिया वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की थी।

13 अप्रैल 2026 को श्रमिकों और मजदूरों ने नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान कई जगहों पर हंगामा और उपद्रव की घटनाएं सामने आई थीं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई। मामले में अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।





जांच के दौरान सेक्टर-63 स्थित विपुल मोटर्स के पास हुई आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेश कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम जैतीखेड़ा थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर, हाल पता चोटपुर थाना सेक्टर-63 के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 45 साल बताई गई।

**मजदूरों को उकसाया और आग लगाई:** पुलिस जांच में सामने आया कि घटना वाले दिन आरोपी महावीरा कंपनी, सेक्टर-63 परिसर में पहुंचा था, जहां उसने कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसाया और नारेबाजी करते हुए भीड़ के साथ बाहर निकला।

इसके बाद वह विपुल मोटर्स के सामने पहुंचा, जहां पहले से मौजूद भीड़ के साथ मिलकर उसने सुनियोजित तरीके से खड़े वाहनों में आग लगा दी। आरोप है कि लोहे के पाइप से वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

**मानेसर आंदोलन में भी था:** पुलिस का कहना है कि आरोपी महावीरा कंपनी में टेलर के पद पर कार्यरत था। जांच में यह भी पता चला है कि वह पहले हरियाणा के मानेसर में हुए श्रमिक आंदोलन में भी शामिल रह चुका है। आरोपी के मोबाइल फोन से श्रमिक यूनियन से जुड़े दस्तावेज और अभिलेख भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर दूसरी सर्विस प्रदाता कंपनी में पोर्ट करा लिया था।

# स्काईवॉक के निर्माण पर लगी रोक

**■ मेट्रो के काम के चलते लिया निर्णय, अधिकारी बोले- दोनों काम एक साथ संभव नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल सेक्टर-62 गोलचक्कर पर बनने वाला स्काईवॉक फिलहाल शुरू नहीं हो सकेगा। नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तक तैयार कर लिया था, लेकिन रिवर्स मेट्रो लाइन के निर्माण कार्य के कारण परियोजना पर फिलहाल रोक लग गई है। अधिकारियों के अनुसार अब अगले करीब 4 से 6 महीने तक स्काईवॉक का निर्माण शुरू होना मुश्किल है। सेक्टर-62 गोलचक्कर पर इस समय रिवर्स मेट्रो लाइन का काम चल रहा है। मेट्रो अधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र भेजकर बताया है कि मौजूदा निर्माण कार्य पूरा होने में अभी चार से पांच महीने और लगेंगे। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक सिविल एसपी सिंह ने बताया कि स्काईवॉक निर्माण के लिए ट्रैफिक डायवर्जन योजना तैयार थी, लेकिन मेट्रो निर्माण जारी रहने के कारण दोनों काम एक साथ शुरू करना संभव नहीं है। ऐसा होने पर पूरे इलाके में भारी जाम की स्थिति बन सकती है।

**मार्च में मिला था कार्यादेश:** करीब 26.34 करोड़ रुपये की लागत वाले इस स्काईवॉक परियोजना का टेंडर पहले ही जारी हो चुका है। निर्माण कंपनी को मार्च में कार्यादेश भी दे दिया गया था।

प्राधिकरण साइट पर बैरिकेडिंग और निर्माण शुरू करने की तैयारी कर चुका था। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से डायवर्जन योजना की मंजूरी भी मिल गई थी। योजना थी कि निर्माण स्थल को चारों तरफ से घेरकर काम कराया जाए, ताकि यातायात प्रभावित न हो। लेकिन मेट्रो निर्माण के चलते फिलहाल पूरा प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है।

**स्काईवॉक बनने से मिलेगा फायदा:** प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-62 गोलचक्कर पर जगह सीमित है। ऐसे में यदि स्काईवॉक और मेट्रो दोनों का निर्माण साथ शुरू किया गया तो सड़कें पूरी तरह जाम की चपेट में आ सकती हैं। स्काईवॉक बनने के बाद यहां पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में काफी सुविधा मिलेगी। इससे ट्रैफिक दबाव कम होने और दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। हालांकि कंपनी को काम पूरा करने के लिए छह महीने का समय दिया गया था, लेकिन अब उतना समय तो निर्माण शुरू होने में ही लग सकता है।

## वायु प्रदूषण रोकने के इंतजाम नाकाफी

**नोएडा।** नोएडा में वायु प्रदूषण रोकने के लिए धरातल पर किए जा रहे कामों को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी- की निरीक्षण रिपोर्ट सामने आई है। एक आरटीआई के माध्यम से सामने आया कि नोएडा में इंतजाम नाकाफी हैं। इस साल 29 अप्रैल को सीपीसीबी ने नोएडा में केंद्र से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिलने वाले एनकैप फंड के इस्तेमाल को लेकर शहर का निरीक्षण किया था।

इस बारे में सेक्टर-77 प्रतीक विस्टीरिया सोसाइटी निवासी अमित गुप्ता ने एक आरटीआई दायर की थी। आरटीआई के जबाव में सीपीसीबी द्वारा बताया गया कि नोएडा में एनकैप के तहत मिले फंड से क्या क्या काम किए गए हैं। सीपीसीबी ने निरीक्षण के बारे में बताया है कि सेक्टरों की संकरी सड़कों पर मशीनों से पर्याप्त सफाई नहीं हो पा रही है।

# युवतियों पर हमला करने वाला साइको गिरफ्तार

**■ घरेलू विवाद से था परेशान, गिरफ्तारी के बाद नहीं आए परिजन; पुलिस ने कराया मेडिकल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 22 मई को एक स्कूटी सवार व्यक्ति ने दो महिलाओं की कमर के नीचे कैंची से हमला किया ओर फरार हो गया। युवती ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए व्यक्ति की पहचान की और गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंकित वर्मा है। मानसिक रूप से परेशान है। खोड़ा में रहता है। पूछताछ में बताया कि उसे गुस्सा आ गया था इसलिए उसने ऐसा किया।

इसके कब्जे से स्कूटी और कैंची जिससे हमला किया था बरामद किया गया।




आरोपी को सेक्टर-55/56 के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि उसे किसी बात को लेकर गुस्सा आ गया था। इसलिए उसने युवतियों पर हमला किया। न तो वो युवतियों को जानता है और न युवतियां उसे जानती है। आरोपी सेक्टर-62 स्थित एक कंपनी में एग्जीक्यूटिव के पद पर काम करता है।

**दो साल पहले हुई थी शादी:** आरोपी अंकित की शादी दो साल पहले हुई थी। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में घरेलू विवाद सामने आया है। घर पर विवाद के कारण वो मानसिक रुप से परेशान हुआ और उसने राह चलते युवतियों पर हमला कर दिया। शिकायत और गिरफ्तारी की जानकारी परिवार को दी गई। लेकिन परिवार की ओर से कोई थी थाने नहीं आया और न ही आरोपी को छुड़ाने आया।

**आरोपी का कराया गया मेडिकल:** फिलहाल आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इससे पहले भी वो इस तरह की घटना कर चुका है या नहीं इसके बारे में जानकारी की जा रही है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सुनसान इलाकों में राह चलते युवतियों पर ये हमला करता था। विगत पांच साल से खोड़ा कालोनी में रह रहा था।

## एक नजर

### यूपीएससी परीक्षा आज 12 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। जिले में 34 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें करीब 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली सुबह 09:30 से 11:30 और दूसरी पाली दोपहर 02:30 से 04:30 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को एक घंटे पहले दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी केंद्रों पर लोकल इंस्पेक्टिंग आफिसर और सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारियों की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी पानी की पारदर्शी बोतल में पानी ले जा सकेंगे।

### 29 मई तक आरेंज अलर्ट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हो सकता है। तेज धूल भरी हवा चलने की संभावना है। इसके साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। इसकी वहज पहाड़ों पर सक्रिय हुआ एक क्लाउड है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रहेगा। वहीं नमी की मात्रा 37 प्रतिशत रहेगी।

आईएमडी ने 24 से 29 मई तक हीट वेव का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान 44 से 45 डिग्री तक जाएगा। हवा में नमी की मात्रा 29 प्रतिशत और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक रहेगा।।यानी रात में तेज गर्मी होगी। ऐसे में बचाव बहुत जरूरी है। रात तक गर्म हवा चलने से लोगों को काफी परेशानी होगी। इसके बाद मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना है। फिलहाल शनिवार को सुबह के समय आंशिक रुप से बादल छाए थे। लेकिन दोपहर तक आते बादल छट गए और तेज धूप का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। हीट वेव से बचने के लिए तरल पदार्थो का सेवन ज्यादा करे।

### निदेशक ने साझेदारों पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कंपनी के एक निदेशक ने साझेदारों और उनके परिजनों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। शहर की जेपी ग्रीन्स सोसाइटी में रहने वाले उदय चौधरी ने न्यायालय को बताया कि सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र में उनकी एक कंपनी है। कंपनी में उनके अलावा तीन अन्य निदेशक है, जिनमें उदय चौधरी की 20 प्रतिशत, कुणाल जैन की 70 प्रतिशत और मुकुल सिंह कुशवाहा की दस प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कंपनी का मुख्य संचालन कुणाल जैन द्वारा किया जाता था, जबकि उदय चौधरी स्लीपिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि दिसंबर 2023 में वह कारोबार विस्तार के उद्देश्य से लंदन चले गए थे। इस दौरान उनके साझेदारों ने फर्जीवाड़े का खेल शुरू किया।

**फर्जी दस्तावेज का निर्माण:** आपराधिक षड्यंत्र के तहत उनके फर्जी हस्ताक्षर कर उनका इस्तीफा पत्र तैयार कर लिया। इस दस्तावेज में दर्शाया गया कि उन्होंने कंपनी के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है, जबकि उन्होंने कभी कोई त्यागपत्र नहीं दिया। आरोपियों ने इसी आधार पर कंपनी की एक फर्जी बोर्ड मीटिंग दर्शाई और उनका इस्तीफा प्रभावी होना दिखा दिया। इससे उन्हें आर्थिक और व्यावसायिक नुकसान पहुंचा, जबकि आरोपियों ने अनुचित लाभ अर्जित किया।

**मामले की शिकायत:** फरवरी 2025 में भारत लौटने पर उन्हें कथित अनियमितताओं की जानकारी मिली। इस मामले की शिकायत उन्होंने पुलिस से की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कंपनी के साझेदारों समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पानी का कनेक्शन कटने का डर दिखाकर 3.39 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर जालसाज ने दिल्ली जल बोर्ड का कर्मचारी बनकर कॉल की और फिर पानी का कनेक्शन कटने का डर दिखाकर झांसे में लिया। मीटर रीडिंग तत्काल अपग्रेड कराने के बहाने रिमोट एप के जरिए मोबाइल हैक कर 3.39 लाख की ठगी कर ली। सेक्टर-128 जेपी विशटाउन सोसाइटी निवासी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सेक्टर-126 थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया है उनका अस्थायी पता दिल्ली के त्रिलोकपुरी का भी है। 2 मई को मैसेज आया। दिल्ली जल बोर्ड से बताकर पानी के मीटर की रीडिंग अपडेट करने की जरूरत बताई। इसके लिए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने को कहा गया। ऐसा न करने पर पानी कनेक्शन कटने की जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता ने दिए गए नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को दिल्ली जल बोर्ड का कर्मचारी बताया और मोबाइल में एप डाउनलोड करने के लिए कहा। आरोप है कि जैसे ही एप इंस्टॉल किया गया, मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके तुरंत बाद बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से कई ट्रांजेक्शन होने लगे। आईसीआईसीआई बैंक खाते से करीब 65 हजार रुपये निकाल लिए गए, जबकि क्रेडिट कार्ड के जरिए लगभग 2 लाख 74 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर किया गया।

# ग्रेनो को वेस्ट से जोड़ने वाली सड़क पर सफर सुरक्षित होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को ग्रेनो वेस्ट से जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क पर सफर करना और अधिक सुरक्षित होगा। इसके लिए गति अवरोधक, दिशा सूचक, कंक्रीट बैरियर, कैट आई यानी प्रतिगामी परावर्तक स्टड, सीमांकन चिन्हक, सड़क चिन्हांकन आदि उपकरण लगाए जाएंगे। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर तैयारी शुरू कर दी है। मौजूदा समय में सुरक्षा उपकरण कम दिखते हैं।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क दोनों शहरों के बीच की लाइफ लाइन बन चुकी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अगले महीने हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। इसको देखते सड़क के दोनों तरफ अलग से बस-वे का निर्माण करने के साथ सुरक्षित सफर के लिए जरूरी उपाय किए जाएंगे। योजना के तहत कंक्रीट के बैरियर, कैट आई यानी प्रतिगामी परावर्तक स्टड, सीमांकन चिह्नक, सड़क चिन्हांकन, गति अवरोधक आदि जरूरी उपकरण लगाए जाएंगे। कंक्रीट बैरियर मजबूत दीवारें होती हैं। इनका मुख्य काम सड़क सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और कार्यस्थलों की सुरक्षा है। इस पर करीब 7.10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**सड़क की स्थिति:** उल्लेखनीय है कि 130 मीटर सड़क ग्रेटर नोएडा के सिरसा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति चौक तक बनी है। इसकी लंबाई 25 किलोमीटर है। इस सड़क का विस्तार यमुना सिटी तक किया जाना प्रस्तावित है। वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि वाहन चालक को सड़क की दिशा, किनारों या लेन बदलने की चेतावनी देने के लिए के लिए खंभे लगाए जाएंगे। इसका उपयोग मुख्य रूप से दिशा, अंधे मोड़ या खतरनाक घुमावों पर वाहन चालकों को आगे के रास्ते की जानकारी देने के लिए किया जाता है। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक से दो माह में सुरक्षा उपकरण लगाने का काम शुरू करा दिया जाएगा।

**गति अवरोधक लगाए जाएंगे:** स्कूल, अस्पताल, बाजार, मोड़ पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाए जाएंगे। जेब्रा क्रॉसिंग से पहले ताकि गाड़ी धीमी हो जाए। जगह- जगह पर दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे।

**सड़क को चमकाने का काम किया जाएगा:** 130 मीटर सड़क को तिलपता से मकौड़ा गोलचक्कर तक दुरुस्त किया जाएगा। लगभग दो किलोमीटर की दूरी में यह सड़क जगह- जगह पर उखड़ चुकी है। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर साकीपुर गांव समीप बने ओवरब्रिज के आसपास सड़क टूटी चुकी है। अंडरपास की सड़क सबसे ज्यादा खस्ताहाल हो गई है। सड़क को संवारने पर 5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# नाबालिग छात्र की हत्या के बाद ग्रामीणों ने लगाया जाम

**■ 4 घंटे चला हंगामा**
**■ चारों तरफ फैला था खून, निजी अंगों को भी काटा गया, खाली मकान में मिला था शव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर के बनवारी बांस गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए छात्र का शव बगल के गांव में एक खाली मकान में पड़ा मिला। नृशंस तरीके से उसकी हत्या की गई थी और उसके निजी अंगों को भी काट दिया गया था। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

पोस्टमार्टम के बाद जब छात्र का शव जेवर पहुंचा तो ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और हत्यारों को फांसी देने की मांग करने लगे। ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई और लगभग 4 घंटे तक हंगामा चलता रहा। बनवारी बांस निवासी रवि भूषण उर्फ बंटी का 15 वर्षीय बेटा गोपाल 21 मई को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और टीमें छात्र की तलाश में जुट गई थीं। शुक्रवार की देर रात 11 बजे परिवार को सूचना मिली की बगल के गांव रोही के खाली मकान में किशोर का शव पड़ा है। जिसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। यहां पर गोपाल का शव पड़ा हुआ था और चारों तरफ खून फैला हुआ था। उसके निजी अंगों के साथ भी छेड़छाड़ की गई थी और उसे काट दिया गया था। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया था। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा था। छात्र का शव सड़ने लगा था और पूरा मकान दुर्गंध से भर गया था। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें थीं और काफी खून निकल गया था। उसकी आंखें और जीभ बाहर आ गई थी।

> परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा करेगी। जांच में जो भी दोषी मिलेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-संतोष कुमार, एडीसीपी, ग्रेटर नोएडा**

**हत्यारों को फांसी देने की मांग:** छात्र की हत्या की सूचना जब गांव के लोगों को मिली तो सभी का गुस्सा फूट पड़ा। गांव के लोग जेवर के साबौता कट के पास जमा हो गए और जाम लगाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद लोग शव लेकर धरने पर बैठ गए। हाथों में पोस्टर बैनर लेकर लोग छात्र के हत्यारों को फांसी देने की मांग करने लगे। पिता रवि भूषण और परिवार के लोगों ने छात्र के कुछ दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए जेवर के साथ रबूपुरा, दनकौर समेत अन्य कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। जेवर एसीपी सार्थर सेंगर के साथ एडीसीपी ने भी मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और लोगों से बात की। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि छात्र की मौत की गुत्थी को जल्द सुलझाया जाएगा। इसमें जो भी दोषी मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद परिवार के लोग शांत हुए और देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया।

**मामले की जांच के लिए बनीं तीन टीमें:** छात्र की मौत के बाद जेवर एसीपी सार्थक सेंगर की निगरानी में तीन टीमें बनाई गई हैं। थाना पुलिस और फील्ड यूनिट के साथ सर्विलांस व स्वॉट टीमों को भी मामले की जांच में लगाया गया है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्र के गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी, जिसकी धाराओं में परिवर्तन करते हुए हत्या की धाराएं जोड़ी गई हैं। परिजनों ने छात्र के ही दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। छात्र के साथ हर दिन रहने वाले उसके दोस्तों से भी पूछताछ हो रही है। पुलिस घटना के दिन की उसकी लोकेशन भी ट्रेस कर रही है।

## सिरसा रोटरी से ईपीई तक की सड़क होगी चौड़ी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) होकर पलवल, गाजियाबाद, अलीगढ़ की तरफ जाने वाले वाहनों की आवाजाही सुगम बनेगी। इसके लिए सिरसा रोटरी से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की एंट्री तक सड़क चौड़ी होगी। मौजूदा चार लेन की सड़क छह लेन चौड़ी होगी। इसकी अनुमानित लागत 7.12 करोड़ है।

अधिकारियों के मुताबिक 130 मीटर रोड का ईपीई तक निर्माण अधूरा है। सिरसा के बाद आगे जहां सड़क नहीं बन सकी है। वहीं इंटरचेंज नहीं होने की वजह से ईकोटेक-1 के आगे बने इंटरचेंज का उपयोग कर एक्सप्रेसवे तक वाहन इसी रोड से पहुंचते हैं। भारी वाहनों की भी आवाजाही इस सड़क से होने की वजह से ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। ऐसे में इसे भारी वाहनों की भी जरूरत के मुताबिक बनाया जाएगा।

## कोर्ट में पेशी पर गैरहाजिर रहने वाले आरोपी को मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एससी-एसटी अदालत ने वर्ष 2011 के एक पुराने आपराधिक मामले में जेल में बंद आरोपी राजवीर को जमानत दी है। आरोपी पूर्व में जमानत पर चल रहा था लेकिन लगातार न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

वारंट के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में वर्ष 2011 में मारपीट में दर्ज एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि राजवीर निर्दोष है और उसे झूठा फंसाया गया है। आरोपी पूर्व में कुछ तिथियों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका था। जिसके कारण अदालत ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। भविष्य में आरोपी प्रत्येक तारीख पर अदालत में उपस्थित रहेगा और विचारण में पूरा सहयोग करेगा। वहीं अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध किया। हालांकि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और केस डायरी का अवलोकन करने के बाद माना कि आरोपी पूर्व में जमानत पर था तथा अब उसने भविष्य में नियमित रूप से अदालत में उपस्थित रहने का आश्वासन दिया है। इस कारण आरोपी को जमानत दी है।

## यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में आग लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार तड़के अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग यूनिवर्सिटी के टावर-आई के भूतल स्थित रिसेप्शन और लाइब्रेरी एरिया में लगी थी। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आधे घंटे की मशक्कत में आग पर काबू पाया। घटना में किताबें और अन्य दस्तावेज जलकर राख हो गए।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि एमिटी यूनिवर्सिटी में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर स्टेशन फेज वन की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। दो फायर टेंडर मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर टावर-आई के ग्राउंड फ्लोर पर बने रिसेप्शन और लाइब्रेरी हिस्से से धुआं और आग की लपटें निकल रही थीं। फायर कर्मियों ने तुरंत मिनिमम फायर एक्सटिंग्विशिंग इक्विपमेंट और पंपिंग के जरिए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय यूनिवर्सिटी परिसर में छात्र-छात्राएं मौजूद नहीं थे। सुबह का समय होने के कारण शैक्षणिक गतिविधियां शुरू नहीं हुई थीं, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने की इस घटना में केवल रिसेप्शन और लाइब्रेरी क्षेत्र का कुछ सामान प्रभावित हुआ है। किताबें और अन्य दस्तावेज जलकर राख हुए हैं। घटना के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन और सुरक्षा कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# दो इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-वन थाना पुलिस ने शनिवार को 25-25 हजार रुपये के इनामी दो गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के ऊपर एनसीआर में वाहन चोरी, लूट करने और विरोध करने पर लोगों के ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोप है। गैंग लीडर के खिलाफ 10 और साथी के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि शनिवार को टीम सेक्टर-14ए स्थित शनि मंदिर के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान टीम को दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर वह भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने कुछ ही देर में पीछा करके दोनों को दबोच लिया। एक की पहचान




बिहार के जिला अररिया के चिरोहट गांव निवासी अनस और दूसरे की पहचान अमन के रूप में हुई।

अनस वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर में रहता है, जबकि अमन सेक्टर-45 स्थित सदरपुर कॉलोनी में रहता है। जांच करने पर पता चला कि दोनों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। दोनों को पुलिस पिछले कई माह से खोज रही थी। दोनों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। जांच में पता चला कि दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं। गिरोह का लीडर अनस है। वह गिरोह के सदस्य अमन के साथ मिलकर एनसीआर में लूट, चोरी और लोगों पर जानलेवा हमला करता है। अनस के खिलाफ गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अमन के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पारंपरिक व शासन की गाइडलाइन के अनुरूप मनाए त्योहार: डीएम

## डीएम व एसपी ने की बकरीद पर्व को लेकर जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला. धिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजन, मौलवी, मुतवल्ली एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे।



बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) 27 मई 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आहवान किया। उन्होंने धर्मगुरुओं एवं उपस्थित जनों से सुझाव एवं समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त सुझावों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिक. ारी ने कहा कि त्योहार पारंपरिक एवं शासन की गाइडलाइन के अनुरूप मनाया जाए तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं की कुर्बानी खुले स्थान पर नहीं बल्कि पर्दे में की जाए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को आहत न होने दिया जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी स्थिति में न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान स्वच्छता, पेयजल एवं 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कुर्बानी के अवशेष खुले में न छोड़े जाएं, उन्हें एकत्रित कर निर्धारित स्थान अथवा गड्डों में सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाए। नालियों एवं तालाबों की समय से सफाई कराई जाए तथा निराश्रित पशुओं को संरक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए नागरिक कंट्रोल रूम नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि चौराहों एवं ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखे जाएं। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं उपजिलाधिकारी गांवों एवं कस्बों में बैठकें कर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लें। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने भी सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## नगर में होने जा रहे सनातन शंखनाद की तैयारियां पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में होने जा रहे सनातन शंखनाद की तैयारियां पूर्ण-डा. दीपक गौतम ने बताया सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा एवं विश्व हिंदू महासंघ युवा के द्वारा सनातन जागृति हेतु किए जा रहे सनातन जागृति शंखनाद की तैयारी पूर्ण करने में लगे हुए हैं यह कार्यक्रम बड़ोत के विहर्ष सभागार मे प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत करेंगे।

मुख्य वक्ता के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ प्रखर वक्ता हिंदू विच. ारक आ रहे है। मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के सचिव कपिल शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए विहीम युवा की टीम जिलाध्यक्ष वैभव राजपूत के नेतृत्व में लगी हुई है तथा श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के अध्यक्ष ब्रह्म सिंह गोयल भी तैयारी को देख रहे है। कार्यक्रम की तैयारी में अनुपम राजपूत डा.कमलदीप जिंदल डा. दिव्या उज्जवल दीपक कुमार जैन डा.रमेश चंद्र वशिष्ठ मंसाराम गर्ग शेखर वर्मा मीनाक्षी सिसोदिया योगेश लखेरा आदि कार्यकर्ता जोश के साथ लगे हुए।

## जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर सीएम से मिलेंगे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा के दादी जी महाराज मंदिर पर 12 गावों के किसानों नें एक पंचायत का आयोजन किया जिसमें किसानों को सर्किल रेट बढानें और किसानों को मूलभूत सुविधा देने की मांग रखी गयी। वही एकजुटता पर बल दिया गया। वही किसानो नें जल्द सीएम से मिलने की भी घोषणा की है।



फुलैरा गांव के दादी जी महाराज मंदिर प्रांगण में रटौल, सिगोली तगा,फुलैरा, सरफाबाद, गौना, लहचौडा, गढी नवादा, गढी कलंजरी आदि 12 गावों की पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें 12 गावों की शासन द्वारा औधोगिक क्षेत्र के लिए जमीन अधिग्रहण की जानी है जिससे लेकर चर्चा की गयी। किसानों नें कहा कि किसान की रोजी रोटी का जरिया उसकी जमीन होती है। औधोगिक क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण होने के लिए किसानों को सर्किल रेट से ज्यादा रेट बढाकर देने चाहिए। किसानों नें कहा कि आज सर्किल रेट कम जिसमे किसान अपनी जमीन नही दे सकता है। पंचायत में जहा एकजुटता पर बल दिया गया। वही किसानो की जो मागें है। उन्हें पूरा करने के लिए बात कही गयी। किसानों ने कहा कि पुराने सर्किल रेट में वह जमीन नही देगे, वही पंचायत में निणय लिया गया की किसानों का एक दल जल्द लखनऊ में सीएम से मिल अपनी मांग रखेगे। पंचायत की अध्यक्षता बालकिशन त्यागी, संचालन महेश यादव नें किया। इस मौकें पर कांशीराम, जाकिर, जय भाटी, विजयपाल यादव,नरेश, सतीश, तेजपाल, दीपक आदि मौजूद रहे।

## जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गति. विधि अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से लगातार निरीक्षण, प्रवर्तन और सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से रात्रिकालीन खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जनपद में रात के समय किसी भी प्रकार का खनन कार्य नहीं किया जाएगा। इसके लिए खनन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें संवे. दनशील क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और अंतरजनपदीय सीमाओं पर लगातार निगरानी रखेंगी। आवश्यकता पड़ने पर रात्रिकाल. ीन नाकेबंदी और आकस्मिक निरीक्षण अभियान भी चलाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों की रॉयल्टी, परमिट, वाहन क्षमता और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघन जांच सुनिश्चित की जाएगी। अन्य राज्यों की ओर जाने वाले खनन वाहनों और भारी वाहनों की भी प्रभावी चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन सीज करने, जुर्माना लगाने और वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बैठक में ईंट भट्टा संचालकों द्वारा मिट्टी उत्खनन किए जाने वाले स्थलों को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों से मिट्टी का उठान किया जा रहा है, वहां कार्य पूर्ण होने के बाद तत्काल समतलीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने कहा कि कई स्थानों पर मिट्टी उत्खनन के बाद बड़े-बड़े गड्डे खुले छोड़ दिए जाते हैं, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है और आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिना समतल. ीकरण छोड़े गए स्थलों से कृषि भूमि प्रभावित होती है, पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता है तथा पशुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होता है। ऐसे मामलों में संबंधित भट्टा संचालकों की जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि मिट्टी उत्खनन के बाद निर्धारित मानकों के अनुसार समतलीकरण का कार्य समय से पूरा कराया जाए। अधिकारियों ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग से न केवल सरकारी राजस्व की हानि होती है, बल्कि ग्रामीण एवं संपर्क मार्ग भी तेजी से क्षतिग्रस्त होते हैं। भारी वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभागीय समन्वय के साथ अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई में किसी प्रकार की लाप. रवाही न बरती जाए तथा अभियान की रिपोर्ट नियमित प्रस्तुत की जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार सहित आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम व कोतवाल ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ज्योति शर्मा और कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार मौजूद रहे। समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से राजस्व विभाग की पांच समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने कहा कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। समाधान दिवस में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पैमाइश और अवैध कब्जे से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## मामूली कहासुनी को लेकर एक दंपति से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के बामनौली गांव में मामूली कहासुनी को लेकर एक दंपति से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के तीन-चार लोगों ने दंपति के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

बामनौली गांव निवासी ब्रजेश, जो रविंद्र की पत्नी हैं, ने बताया कि वह अपने पति के साथ घर पर मौजूद थीं। तभी पड़ोस के कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके पति और उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरा. ेपी वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने दोघट थाने में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दोघट थानाध्यक्ष केवल सिंह ने पुष्टि की है कि पीड़ित पक्ष की तहरीर प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## तीतर का शिकार कर रहे आठ शिकारी पकड़े, दस जिंदा तीतर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना पुलिस ने ग्वालीखेड़ा के जंगल में तीतर का शिकार कर रहे आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दस जिंदा तीतर व एक खाली पिंजरा भी बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि देर रात मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि ग्वालीखेड़ा से तेडा जाने वाले मार्ग पर बंगला वाली बगिया पर नाले की पटरी के पास जंगल में कुछ लोग तीतर का शिकार कर रहे हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर पिंजरे लिए लोग भागने लगे, जिनको दौड़ कर पकड़ा गया। सबको थाने लाकर पूछताछ की गई, जिनमें इरशाद पुत्र शमशाद अबरार पुत्र नौशाद दोनों निवासी बिलौचपुरा, बिलाल पुत्र बाबूदीन मुगलपुरा बागपत, इस्तेखार पुत्र सलाउद्दीन पठानकोट बड़ौत, नसरुद्दीन पुत्र मेहरबान पट्टी चौधरान बड़ौत, आमिर पुत्र इरफान तिलपनी सावेज पुत्र शहीद तिलप. नी, वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी दरकावदा हैं। आरोपितो के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं में कार्रवाई की गई है।



## तीन दिन से बिजली गुल, पानी ठप -भीषण गर्मी में तड़प रहे है लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के पठानकोट वार्ड नंबर 24 की कॉलोनी में पिछले तीन दिनों से जारी बिजली पानी की व्यवस्था चरमराई हुई है जिससे गर्मी में लोग तिलमिला रहे हैं। भीषण गर्मी में लोगों का जीवन बेहाल कर दिया है।

भीषण गर्मी और लू के कहर के बीच वार्डवासी दिन-रात परेशानियों से जूझ रहे हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। बिजली गुल होने से पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिसके चलते क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस समय जनपद का तापमान लगभग 44 डिग्री के आसपास चल रहा है। गर्मी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्म हवाएं ऐसी चल रही है, मानो आग बरस रही हो। कई घरों में पानी खत्म होने की स्थिति बन गई है। कॉलोनी के नलकूप ठप पड़े हुए हैं। कई बार शिकायत नगर पालिका परिषद में की गई, मगर कोई सुनवाई हुई। वार्डवासियों ने बिजली विभाग और संबंधित अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचकर समस्या देखने तक नहीं आया। कॉलोनी वाशियो का गुस्सा इस बात को लेकर भी फूट पड़ा कि अधिकारी अपने एसी कमरों में बैठकर आराम कर रहे हैं, जबकि आम जनता इस भीषण गर्मी में तड़पने को मजबूर है। लोगों ने नारा. जगी जताते हुए कहा कि जब जनता परेशान होती है तो विभाग के अधिकारी फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते। पठानकोट मोहल्ले के शहजाद नूरुद्दीन अख्तर अली शमशाद चौधरी नसीबुद्दीन चौधरी मोमीन शमसुद्दीन सुल्तान चौधरी अलीमुद्दीन नूर हसन आदि मोहल्ले के लोगों ने प्रशासन से तत्काल बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने और पानी की सप्लाई बहाल कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वार्डवासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकाल. ीन धरना दिया जाएगा।



## ईद-उल-अजहा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाने में ईद-उल-अजहा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपजिलाधिकारी मनीष यादव, नगरपालिका खेकड़ा के ईओ हरिलाल पटेल, क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया और थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा धर्मगुरु शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना था।

उपजिलाधिकारी मनीष यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियों से बचने की सलाह दी। यादव ने धर्मगुरुओं से युवाओं को आपसी सौहार्द और जिम्मेदारी का संदेश देने का आग्रह भी किया। क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी कीमत पर नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौरसिया ने यह भी निर्देश दिए कि कुर्बानी से संबंधित वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट न की जाएं। उन्होंने ऐसी किसी भी सामग्री को साझा करने से मना किया, जिससे किसी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने नमाजियों से प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही नमाज अदा करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा। इस दौरान रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मुंतजिर ने जानकारी दी कि रटौल क्षेत्र में 5 से 6 स्थानों पर गढों की व्यवस्था की गई है। इन गढों में कुर्बानी के अवशेषों का सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर प्रशासनिक निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप प्रजापति, नदीम, चंद्रमोहन दहिया, हारून, मोहसिन मालिक, कारी जमील और यूसुफ सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# कोई बच्चा आर्थिक मजबूरी में शिक्षा से वंचित न रहे: सी एम योगी

y [kuÅA मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री ने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं जिससे कि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के चलते शिक्षा से वंचित न रह पाए। 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि आर्थिक मजबूरी के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रमिक विद्या योजना अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू होगी। सरकार कौशल विकास, रोजगार मेले, सेवामित्र व्यवस्था और श्रमिक सुविधा केंद्रों को मजबूत कर युवाओं और श्रमिकों को बेहतर अवसर देने पर जोर दिया हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों। शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना भी तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ की गई इस योजना के तहत 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## भीषण गर्मी से व्यापारी चिंतित, पसरा बाजार में सन्नाटा

y [kuÅA अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी, तेज धूप एवं लगातार चल रही लू के कारण बाजारों की स्थिति अत्यंत प्रभावित हो गई है। सुबह 9 बजे के बाद ही गर्मी का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि दोपहर से लेकर शाम तक बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। तापमान 45 डिग्री के पार पहुँचने से मानो सड़कों पर आग बरस रही हो। ऐसे कठिन मौसम में बिजली व्यवस्था भी व्यापारियों और आमजन की परेशानियाँ बढ़ा रही है। दोपहर के समय हर एक–दो घंटे में लगभग 45 मिनट तक बिजली कटौती होने से एसी और कूलर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रहे है।

# राहुल गांधी के खिलाफ सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोग उतरे सड़कों पर

लखनऊ। लखनऊ में सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोगों ने शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय को गर्ने के लिए बढ़ने लगे लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उनको रोक लिया इस दौरान पुलिस और प्रदर्शन कार्यों में टेंशन हुई इस दौरान प्रदर्शन कार्यो ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कार्यों का कहना था कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को अपशब्द कहे।

उसके बाद हमने लखनऊ में हमने उनके खिलाफ होर्डिंग लगाया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उस होर्डिंग को फाड़ दिया और अब सोशल मीडिया पर हमें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोग राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस दफ्तर घेरने जा रहे थे। तभी पुलिस ने हजरतगंज के पास उन्हें रोक लिया। यहां पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बहस की। ऐसे लोगों पर ऐसी कार्रवाई हो कि लखनऊ में दिखाई न दें। प्रदर्शन कर रहे सवर्ण मोर्चा के उपाध्यक्ष बसंत सिंह बघेल ने कहा– अगर हमारे किसी साथी को हाथ लगा दिया तो हम उसको मुंहतोड़ जवाब देंगे। कांग्रेस के गुंडों ने हमारे संगठन के सदस्य को जान से मारने की धमकी दी है। उनके कार्यालय पर हम जाकर उन्हें जवाब देना चाहते थे। प्रदर्शन कर रहे मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक संदीप सिंह ने कहा–राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री को गद्दार कहा यह शर्मनाक है। यह अपमान प्रधानमंत्री का नहीं है बल्कि देश की जनता का है जिसने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना। हम उनको बताना चाहते हैं कि अगर किसी भी क्षत्रिय को कुछ कहा तो हम उन्हें मिट्टी में गाड़ देंगे।

# बिजली संकट पर जनता का फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे लोग

## एमडी से मिलने पहुंचीं सीमा प्रधान, प्रबंध निदेशक को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती से मेरठ की जनता का सब्र टूटने लगा है।। शहर से लेकर देहात तक जगह-जगह जनता सड़को पर दिखाई दे रही हैं। हालात इतने बिगड़ गए कि गुस्साई भीड़ रात के समय अपने जनप्रिनिधियो के आवास पर पहुच कर गुस्सा जाहिर कर रही है पार्षद से लेकर विधायक व मेयर के आवास तक पहुंच कर घेराव किया किया जा रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंधन के खिलाफ जनता का आक्रोश चरम पर है।





### रात में मेयर के घर पहुंची जनता

गुरुवार देर रात करीब 11 बजे नौचंदी, जागृति विहार, शास्त्रीनगर और मलियाना क्षेत्र के सैकड़ों लोग मेयर के आवास पर पहुंच गए। लोगों का आरोप था कि पिछले 72 घंटों से दिन में 8-10 घंटे और रात में 4-5 घंटे की कटौती हो रही है। बच्चे, बुजुर्ग और मरीज गर्मी से बेहाल हैं। मेयर को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। भीड़ ने जमकर नारेबाजी की और तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग रखी। मेयर ने एमडी से बात कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया, तब जाकर लोग शांत हुए।

### सरधना में भी हंगामा, सड़क जाम

सरधना में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां पिछले एक सप्ताह से 12-14 घंटे की कटौती हो रही है। गुस्साए ग्रामीणों और कस्बे के लोगों ने शुक्रवार को मेरठ-करनाल हाईवे जाम कर दिया। महिलाओं ने हाथ में पंखे लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि इनवर्टर जवाब दे चुके हैं, पानी की मोटर नहीं चल रही और बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है जिसके बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

### सीमा प्रधान संग, एमडी से मिली जनता

शनिवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान खुद पीवीएनएल के एमडी कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ सैकड़ों क्षेत्रीय लोग थे। जनता और जनप्रतिनिधियों ने करीब 2 घंटे तक एमडी का इंतजार किया, लेकिन एमडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे । इससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। सीमा प्रधान ने कहा कि अधिकारी एसी कमरों में बैठे हैं और जनता सड़कों पर तड़प रही है। अगर बिजली विभाग को जनता की परेशानी दिखती तो एमडी जरूर आते वही काफी इंतजार के बाद एमडी पावर रवीश गुप्ता अपने कार्यालय पहुंचे इसके बाद सीमा प्रधान ने उन्हें ज्ञापन सौंपा और कहा कि जितनी बिजली कटौती इस बार हो रही है उतनी कभी नहीं हुई लगातार बढ़ती गर्मी से जनता वैसे ही परेशान है और ऊपर से बिजली कटौती ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। इसके बाद रवीश गुप्ता ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था को बेहतर कर दिया जाएगा।

### भाजपा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई भी नाराज

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने भी बिजली कटौती पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जनता परेशान है, बुरा हाल है, लेकिन उसके बावजूद भी बिजली विभाग कोई ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं है। वाजपेई ने आरोप लगाया कि विभाग ने हमेशा स्मार्ट मीटर लगाने, कलेक्शन बढ़ाने और वसूली पर जोर दिया, लेकिन व्यवस्था को आज तक स्मार्ट नहीं बनाया। ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं, फॉल्ट ठीक नहीं हो रहे, स्टाफ की कमी है। सिर्फ बिल वसूलने से काम नहीं चलेगा।

### क्या कहता है विभाग

पीवीवीएनएल के अधिकारियों का तर्क है कि गर्मी के कारण डिमांड 40 प्रतिशत बढ़ गई है। ओवरलोड के चलते लोकल फॉल्ट हो रहे हैं। रोस्टरिंग करनी पड़ रही है। मरम्मत कार्य चल रहा है। हालांकि जनता इस दलील को मानने को तैयार नहीं है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी आती है, विभाग को पहले से तैयारी करनी चाहिए थी।

### स्मार्ट मीटर लगे, व्यवस्था नहीं सुधरी

गौरतलब है कि मेरठ में पिछले दो साल में 6 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। विभाग का कलेक्शन भी 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके बावजूद बिजली आपूर्ति की हालत जस की तस है। जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफार्मर और कम स्टाफ की समस्या ज्यों की त्यों बनी है। जनता पूछ रही है कि जब बिल समय पर और पूरा वसूला जा रहा है तो सुविधा क्यों नहीं मिल रही। फिलहाल मेरठ में बिजली कटौती को लेकर सियासत भी गरमा गई है। विपक्ष इसे मुद्दा बना रहा है और सत्ता पक्ष के नेता भी विभाग के रवैये से नाराज हैं। अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होने के आसार हैं जिसका खामियाजा खुद भाजपा को उठाना पड़ सकता है।

**यह रहे मौजूद:** प्रबंध निदेशक को ज्ञापन देने वालों में लावड़ के अध्यक्ष पति हाजी शकील कुरैशी, फलावदा से वरिष्ठ समाजसेवी व नगर पंचायत के पूर्व चेयरपर्सन पुत्र सैयद मोहम्मद ईशा, सरधना नगर पालिका के चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी, संजय विकल सहित सरधना विधानसभा के कई जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## ईद पर्व को लेकर पार्षदों ने नगर आयुक्त से की विशेष व्यवस्थाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी ईद पर्व को लेकर शहर के सर्वदलीय पार्षददल ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर शहर में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की है। पार्षदों ने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी त्यौहार के दौरान पानी की सुचारू सप्लाई दी जाए तथा सुबह और शाम पानी की आपूर्ति का समय एक-एक घंटा बढ़ाया जाए। पत्र में वार्डों एवं मुख्य चौराहों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराने, सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने तथा बीवीजी की सफाई गाड़ियों को पूरे दिन संचालित कराने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण के लिए वार्डों में पॉली बैग वितरित कराने की भी अपील की गई। पार्षदों ने मांग की कि संबंधित विभागों को निर्देश देकर यह विशेष व्यवस्थाएं लगातार तीन दिन तक लागू कराई जाएं, ताकि ईद पर्व शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में संपन्न हो सके। इस दौरान फजल करीम, भाई गफ्फार, रिजवान अंसारी, रेशमा दिलशाद सैफी, गुड्डी अफजाल चौधरी, अफजाल सैफी और महफूज गुड्डू मौजूद रहे।

# नल चलाते समय करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बातनौर में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहां घेर में पशुओं का दूध निकालने के लिए नल से बाल्टी में पानी भरते समय एक युवक की करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से तड़पकर मौत हो गई। परिजन उसे महलका में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता शोभाराम सैनी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे उनका पुत्र पंकज कुमार सैनी (उम्र करीब 39 वर्ष) घेर में सबरसेविल पंप के बराबर में लगे पानी के नल से पशुओं का दूध निकालने के लिए बाल्टी में पानी भर रहा था। जैसे ही पंकज ने नल को चलाया तो अचानक उसमें तेज विद्युत करंट उतर आया। पंकज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और वहीं बेहोश होकर गिर



मृतक का फाइल फोटो।

पड़ा। इस दौरान गांव का दूधिया दूध लेने के लिए घेर में गया तो पंकज को तड़पता देखा तो उसने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन में परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

परिजन गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए महलका के एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पंकज की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। शव गांव में पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी और बिना कानूनी कार्रवाई के ही शनिवार को गांव के श्मशान घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

पंकज की अचानक हुई मौत से उसके हंसते-खेलते परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी अनीता, एक मासूम बेटा और दो बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पंकज ही परिवार का मुख्य सहारा था, जिसकी मौत से पत्नी और बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

# मेरठ में गूंजा 'मीडिया संवाद' का मंच, जनहित के मुद्दों पर नेताओं और समाजसेवियों ने रखी बेबाक राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को मेरठ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलेज में भव्य पब्लिक एशिया 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, खेल जगत तथा व्यापारिक वर्ग से जुड़े लोगों ने हिस्सा लेकर विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश वत्स, अमित अग्रवाल तथा किसान नेता ठाकुर पूरन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। स्थानीय संपादक रोहन त्यागी, मेरठ प्रभारी श्याम सिंह चौहान तथा मेरठ ब्यूरो चीफ शिवकुमार शर्मा ने प्रधान संपादक मुकेश वत्स , निशांत वत्स, और प्रियांशु को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मीडिया संवाद के दौरान किसान नेता ठाकुर पूरन सिंह ने मजबूती से अपनी बात रखी और योगी सरकार की तारीफ की। वहीं



मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस के मेरठ पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और लोकसभा 2024 की तरह और मजबूत होकर भाजपा को पछाड़ने का काम करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय संपादक रोहन त्यागी, मेरठ प्रभारी श्याम सिंह चौहान, ब्यूरो चीफ शिवकुमार शर्मा, उज्जवल रस्तौगी, विवेक त्यागी, संवाद सूत्र मुकेश धस्माना तथा राजवीर सिंह मलिक का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा नेत्री से अभद्रता और धमकी के आरोप में सभासद पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक के दौरान भाजपा की एक महिला नेत्री व शासन की तरफ से मनोनीति सभासद के साथ कथित अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद थाना पुलिस ने एक सभासद के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाली भाजपा नेत्री व मनोनीत सभासद मंगलवार को भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद जैन समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचीं। वहां उन्होंने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि 18 मई को नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक के दौरान एक

■ **बोर्ड मीटिंग के दौरान हुए विवाद से राजनीतिक माहौल गरम**

सभासद ने उनके साथ अभद्रता की और आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ की कोशिश की। पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित सभासद भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए उन्हें अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, लाश खेत में फिंकवा देने जैसी धमकी देकर भय का माहौल बनाने का प्रयास किया गया। भाजपा नेत्री ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से वह और उनका परिवार डरा हुआ है। शिकायत में यह भी कहा गया कि अगले दिन आरोपित सभासद द्वारा सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल किया गया, जिसमें पूर्व विधायक संगीत सोम को लेकर टिप्पणी की गई और भाजपा कार्यकर्ताओं को भी खुलेआम धमकाने का प्रयास किया गया। ऑडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष और बढ़ गया।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि शुरुआती स्तर पर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करनी पड़ी। इसके बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने आरोपित सभासद के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वायरल ऑडियो सहित अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आवासीय मकान के स्थान पर बना दिया कॉम्पलैक्स, कमिश्नर से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मोहल्ला खिरनी अब्दुल्लापुर निवासी अमित कुमार गौतम ने एक प्रार्थना पत्र कमिश्नर को सौंपा है जिसमें उनका कहना था कि पूर्वा फैयाज अली स्थित नगर निगम कार्यालय के सामने आवासीय मकान के स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक कॉम्प्लैक्स बना दिया गया है जिसमें पीछे की तरफ पांच दुकानें दर्शाये गई हैं तथा बाकी हिस्से में आवासीय भवन है। उन्होंने कहा कि अब भवन को तोड़कर अवैध रूप से कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत नगर निगम मेरठ विकास प्राधिकरण से कई बार की जा चुकी है लेकिन दोनों विभागों के अधिकारी मौन है और कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। उन्होंने इसकी शिकायत कमिश्नर को ज्ञापन के माध्यम से की है। उन्होंने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स वाली जगह में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को भी मिला लिया गया है। उन्होंने इस कॉम्प्लैक्स पर विभाग द्वारा कार्रवाई की मांग की है।

# मेरठ मेडिकल कॉलेज में सीपीआर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को एनेस्थेसियोलॉजी विभाग ने अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा प्रमाणित सीपीआर (बीएलएस एवं एसीएलएस) का 2 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता एवं एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ योगेश मणिक द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को बताया कि बीएलएस बुनियादी चिकित्सा सहायता है, जो लोगों को अस्पताल पहुंचने से पहले या उन स्थितियों में दी जाती है, जहां चिकित्सा सुविधा तुरंत उपलब्ध नहीं होती है। एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश मणिक ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में प्रभावी सी पी आर से मरीज की जान बचायी जा सकती है। मरीज की छाती खत्म होने व पेट शुरू होने वाली जगह पर



अपने एक हाथ की हथेली पर दूसरे हाथ को रख कर उसे दबाएं. एक मिनट में 100 से 120 बार ऐसा करें इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचा दें। नोएडा से आये प्रशिक्षकों श्री शिजो जॉर्ज, डॉ. संतोष, मनु एवं अर्जुन ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

एनसीआर मेडिकल कॉलेज के 4 संकाय सदस्यों ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उद्घाटन समारोह में डॉ. एस के पालीवाल, डॉ. विपिन धामा, डॉ. नेहा, डॉ प्रेम प्रकाश मिश्रा, डॉ प्रमोद तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने उक्त आयोजन हेतु एनेस्थीसिया विभाग की टीम की सराहना की व बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सीपीआर के दौरान रोगियों के जीवित रहने की संभावना को बढ़ाते हैं।

## वी ने लॉन्च किए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वी ने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए नए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स की घोषणा की है। 7 दिन, 14 दिन और 21 दिन के ये नए पैक कंपनी की और से इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश की मौजूदा रेंज को और मजबूत बनाते हैं। लॉन्च के अवसर पर अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा इंटरनेशनल यात्रा के दौरान यात्रियों की विशेष जरूरतें होती हैं। वी के प्रत्यास्थरोमिंग विकल्पों के साथ हमने ग्लोबल कनेक्टिविटी को आसान बनाकर उन्हें अपनी पसंद के प्लान चुनने की आजादी दी है, ताकि वे अपनी जरूरत और यात्रा की अवधि के अनुसार प्लान चुन सकें। चाहे छोटी यात्रा हो, परिवार के साथ विजिट, या विदेश में एक्सटेंडेड स्टे उपभोक्ता ज्यादा प्रत्यास्थता और मन की शांति के साथ कनेक्टेड बने रह सकते हैं। इस नए एडिशन के साथ वी के व्यापक पोर्टफोलियो में अब 17 खास आईआर पैक हैं। इनमें सभी वैलिडिटी टियर्स में ट्रूली अनलिमिटेड डेटा के विकल्प उपलब्ध हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ता अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के दौरान अधिक आत्मविश्वास के साथ अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रहें।

# भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए जल जरूर रखें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इन दोनों भीषण गर्मी से आमजन परेशान है। लोगों में गर्मी के कारण त्राहि-त्राहि मची है। सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया है। सड़कों पर दोपहर होते ही सन्नाटा पसर जाता है।

इसी को देखते हुए श्री गोरखनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष बूथ प्रकाश ने एक मुहिम चलाई है। उन्होंने शनिवार को कमिश्नरी पार्क पर लगभग 50 पानी के कटोरे पशु पक्षियों के लिए रखें। इस दौरान उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से लोग तो पानी पी लेते हैं लेकिन यह पशु पक्षी जो बेजुबान हैं अपना दर्द बयान भी नहीं कर सकते। उनको भी इस गर्मी में पानी की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने घर के ऊपर एक कटोरा में पशु पक्षियों का ध्यान रखते हुए पानी जरूर रखें जिससे पशु-पक्षी भी पानी पी सकें। इस दौरान संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमडी पावर ने की उपभोक्ताओं से की अपील धैर्य बनाए रखें, विभाग का करे सहयोग

## 14 जनपदों में कंट्रोल रूम सक्रिय, शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने भीषण गर्मी को देखते हुए पश्चिमांचल डिस्कॉम के अन्तर्गत आने वाले 14 जनपदों मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड, बुलन्दशहर, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, सम्भल, रामपुर एवं अमरोहा के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाऐ रखने के निर्देश दिये हैं। उन्हानें कहा है कि किसी भी प्रकार के ब्रेकडाउन अथवा विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर, तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए, विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाये। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रबन्ध निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत व्यवधान के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए




जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाऐगी। उन्होंने बिजलीघरों पर, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ब्रेकडाउन की स्थिति मे तुरंत मरम्मत कार्य कर, विद्युत आपूर्ति सामान्य की जा सके। साथ ही विद्युत कार्यशाला मण्डल और विद्युत भंडारो के बीच बेहतर समन्वय स्थापित रखने पर भी जोर दिया जिससे क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जा सके। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जनपदवार नियंत्रण कक्ष स्थापित है उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। जनपदवार स्थापित नियंत्रण कक्ष के नंबरों का विवरण निम्नलिखित हैं।

प्रबन्ध निदेशक ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि किसी स्थान पर विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो कृपया धैर्य बनाए रखें तथा विद्युत विभाग का सहयोग करें। विभागीय कर्मचारी भीषण गर्मी एवं कठिन परिस्थितियों में लगातार कार्य कर, विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने में लगे हुए हैं। उपभोक्ताओं का सहयोग एवं संयम, विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में, महत्वपूर्ण साबित होगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि आवश्यकता होने पर ही विद्युत उपकरणों का प्रयोग करें।

**जनपदवार मोबाईल नं.**

| | |
|---|---|
| मेरठ | 9193330312 |
| बागपत | 919330171 |
| गौतमबुद्धनगर | 9193301659 |
| | 0120-2970431 |
| गाजियाबाद | 9193320115 |
| बुलन्दशहर | 9193302137 |
| हापुड़ | 9193319903 |
| सहारनपुर | 9193330422 |
| मुजफ्फरनगर | 9193331304 |
| शामली | 9193330951 |
| मुरादाबाद | 9193300109 |
| सम्भल | 9193300411 |
| अमरोहा | 9193331320 |
| बिजनौर | 9193331324 |
| रामपुर | 9193300636 |

## प्रतिभा विकास शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव: शिवकुमार शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** कसेरूखेड़ा स्थित संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शनिवार को सात दिवसीय प्रतिभा विकास शिविर का शुभारंभ उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार शर्मा तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि शिवकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभा विकास शिविर बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने का एक सशक्त माध्यम है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान देती हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कपिल शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय प्रतिभा विकास शिविर के अंतर्गत बच्चों के लिए खेलकूद, कला, संस्कार, भाषण, योग एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

## एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।



लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत द्धकप्तान और विकेटकीपरत्रू, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।

इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

# आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिग में दो ड्रिक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

### खेल विशेष

## विक्टोरिया म्बोको स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा की म्बाको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया। म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी।19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता।

## आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

**उज्जैन (मध्य प्रदेश), वार्ता।** इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोाणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आकर्षाण के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

## युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**पेरिस, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरु युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन-श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, ए दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे। फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राजील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे। सिगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई। जूनियर कैटेगरी में, माया राज. श्वरन रेवती और अर्णव पाप. रकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज सिगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नजर आएंगे।

# MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

**लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए**



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।

सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबि. लियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित हैद्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संघा कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है,

सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रो. कने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है। दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुक. ाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पांच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है। फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी। वानखेड़े के दर्शक, जो अपनी जबरदस्त ऊर्जा और समर्थन के लिए जाने जाते हैं, सीजन के आखिरी दौर में अपनी खोई हुई प्रतिठा वापस पाने की कोशिश कर रही टीम का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जैसे-जैसे आईपीएल 2026 अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, यह मुकाबला महज एक और लीग मैच से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

# ग्रीको रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज फाइनल में

नई दिल्ली, वार्ता। वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीक. ो-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुंच गए। भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुश्ती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया। 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है। 77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संघा किया, लेकिन सेमीफाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुरसोनोव से हार गए।

# दिल्ली व केकेआर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोश. नियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है-जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिंसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ जीत भी काफी न हो। जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी 'नॉकआउट फाइनल' जैसा ज्यादा लग रहा है। केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है, इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी 'स्पिन जोड़ी'-सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहां फेंकी गई हर 'डॉट बॉल' द्धबिना रन वाली गेंद तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृ रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुं. चने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की 'रन मशीन'-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोा शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का 'नेट रन रेट' वाला पेंच।

# एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से हाथ नहीं मिलाया

**आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी**



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में हैदराबाद में हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) मैच के बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एसआरएच के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

मैच के बाद होने वाली पारंपरिक हैंडशेक लाइन में को. हली ने एसआरएच कप्तान पैट कमिंस और अभिषेक शर्मा से हाथ मिलाया, लेकिन ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने को. हली से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था, लेकिन कोहली उन्हें छोड़कर आगे बढ़ गए और लाइन में अगले खिलाड़ी से हाथ मिला लिया। आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि दोनों के बीच यह तनातनी किस वजह से हुई। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255/4 का बड़ा स्कोर बनाया था। इसके जवाब में आरसीबी को लीग चरण में टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए कम से कम 166 रन बनाने थे, जबकि अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंचने के लिए 178 रन चाहिए थे। टीम ने दो अंक हासिल करने से ज्यादा प्राथमिकता इस लक्ष्य को दी और 200/4 तक पहुंच गई। पारी की शुरुआत करने उतरे कोहली ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए, इससे पहले कि पावरप्ले के आखिरी ओवर में साकिब हुसैन ने उन्हें आउट कर दिया। अब आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में दूसरे स्थान पर रही गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा।

# सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।



इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाध्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालि. का में आठ अंकों के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संघा जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफा आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।



कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।

## पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

## गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबारी के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की



■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं

योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

# ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

## तेहरान की दो टूक, कहाः हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा



■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा
■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

## चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निकालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

# ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई



■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

## इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा



■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा

जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।

## महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।



फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।

# बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

## इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की



■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है

खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंदरगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल
■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी

**न्यूयॉर्क।** परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनीतिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

## आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

**वाशिंगटन।** ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।



# फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

**मुंबई।** निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

# पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

**मुंबई।** अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

## एक नजर

### हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

**मुंबई।** अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

### बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं।

# ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

# पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुल. कत एक इंटेंस ट्रेनिग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मजेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।




# द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

**मुंबई।** द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

# कांस 2026 सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या



**कांस।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।